इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति "।।

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

asianpaints
सभी रंग किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

वर्ष- 44 | अंक - 322 | राजनांदगांव, रविवार 12 अक्टूबर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## किसानों पर 'धन-धान्य' की वर्षा, पीएम मोदी ने दी 35,440 करोड़ रुपए की सौगात; दालों में आत्मनिर्भर बनेगा भारत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित मुख्य समारोह से देश के किसानों को 41 हजार करोड़ रूपए से अधिक की कृषि परियोजनाओं का उपहार दिया। उन्होंने इस मौके पर दो नई योजनाएं- प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया।

इन योजनाओं में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के लिए 30 हजार करोड़ रूपए और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के लिए 11 हजार करोड़ रूपए शामिल हैं। इसके अलावा श्री मोदी कृषि और संरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित कृषक सभागार से हजारों किसानों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा ऑनलाइन जुड़कर इस अभियान के शुभारंभ के साक्षी बने।





सीएम साय बोले- प्रदेश में खेती-किसानी की तस्वीर बदलेगी

### आज देश कृषि आत्मनिर्भरता का इतिहास रच रहा है : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा कि, भारत रत्न जयप्रकाश नारायण और नानाजी देशमुख की जयंती के दिन आज देश कृषि आत्मनिर्भरता का नया इतिहास रच रहा है। आज से प्रारंभ हुई दोनों योजनाएं देश के अन्नदाताओं को सशक्त बनाने और कृषि आत्मनिर्भरता के नए युग की शुरुआत है। खेती को लाभकारी और आधुनिक बनाने की दिशा में यह पहल मील का पत्थर सिद्ध होंगी। उन्होंने बताया कि दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के तहत 11 हजार करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में भारत का कृषि निर्यात बड़ा है, शहद उत्पादन, पशुपालन, मत्स्यपालन सहित सहायक कृषि गतिविधियों में बढ़ोत्तरी हुई है।

### पिछड़े जिलों में तेजी से होगा विकास : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने बताया कि, विकास के पैरामीटर में पिछड़ रहे जिलों के लिए केंद्रित आकांक्षी जिला योजना के माध्यम से सड़क, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से सुधार का काम हुआ है। ठीक उसी तरह प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत खेती किसानी में पिछड़े देश के 100 जिलों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अफगानी मंत्री ने महिला पत्रकारों की एंट्री रोकी : प्रियंका का पीएम से सवाल- महिलाओं का अपमान कैसे होने दिया

नई दिल्ली। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी की दिल्ली में शुक्रवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों की एंट्री पर रोक लगाने पर विवाद हो गया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने पीएम मोदी से पूछा- भारत में हमारे ही देश की कुछ सबसे सक्षम महिलाओं का अपमान कैसे होने दिया गया, जबकि महिलाएं ही देश की रीढ़ और गौरव हैं।



केंद्र बोला- हमारा कोई रोल नहीं

वहीं, विवाद बढ़ने पर भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनका कोई रोल नहीं था। न ही उनकी तरफ से पत्रकारों को बुलाया गया था। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस अफगानी एंबेसी में हुई थी। विदेश मंत्रालय ने कहा- जब अफगानिस्तानी मंत्री दिल्ली आए तो मुंबई स्थित अफगानिस्तान के काउंसिल जनरल ने ही 10 अक्टूबर को चुनिंदा पत्रकारों को आमंत्रण भेजा था। अफगान दूतावास भारत सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। बता दें कि अफगानी विदेश मंत्री 9 से 16 अक्टूबर तक भारत दौरे पर हैं। भारत दौरे पर अफगानी मंत्री, सिर्फ पुरुष पत्रकारों से बात की अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर मुत्तकी 9 अक्टूबर से भारत दौरे पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को दिल्ली में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों मंत्रियों की मीटिंग के बाद कोई जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं हुई। अफगानी मंत्री ने अकेले अफगानिस्तान दूतावास में मीडिया से बात की। हालांकि इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में केवल चुनिंदा पुरुष पत्रकार और अफगान दूतावास के अधिकारी ही शामिल हुए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक भी महिला पत्रकार नहीं थी। कई महिला पत्रकारों ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि उन्हें एंट्री ही नहीं दी गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुत्तकी के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अमेरिका के लिए भारत से संबंध बेहद अहम, पीएम मोदी से मुलाकात के बाद बोले राजदूत सर्जियो गोर

नई दिल्ली। अमेरिका ने सर्जियो गोर को भारत में अपना अगला राजदूत नियुक्त किया है. वह भारत पहुंच चुके हैं और सोमवार से आधिकारिक तौर पर पदभार ग्रहण करेंगे. नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास का चार्ज संभालने से पहले गोर ने शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की. उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना एक महान और व्यक्तिगत मित्र मानते हैं. सर्जियो गोर ने यह भी कहा कि अमेरिका, भारत के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है. सर्जियो गोर की यह टिप्पणी ट्रंप प्रशासन द्वारा भारतीय आयात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के कारण भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव के बीच आई है.



गोर ने एक्स पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री मोदी के साथ मेरी मुलाकात अद्भुत रही. हमने डिफेंस, ट्रेड और टेक्नॉल्जी सहित द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की. हमने महत्वपूर्ण खनिजों के महत्व पर भी चर्चा की.

अमेरिकी सीनेट द्वारा भारत में अमेरिकी दूत के रूप में उनकी नियुक्ति की पुष्टि के बाद, सर्जियो गोर नई दिल्ली की छह दिवसीय यात्रा पर हैं. प्रधानमंत्री मोदी ने भी X पर एक पोस्ट में सर्जियो गोर से हुई मुलाकात के बारे में जानकारी दी. उन्होंने कहा, भारत में अमेरिका के मनोनीत राजदूत सर्जियो गोर का स्वागत करते हुए मुझे खुशी हुई.

## महतारी वंदन योजना से 5 लाख महिलाओं के नाम कटने पर हंगामा, कांग्रेस ने बीजेपी से पूछा सवाल

**नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना शुरू की थी। पिछले साल शुरू हुई इस योजना को लेकर अब राज्य में सियासी घमासान मच गया है। नारी सशक्तिकरण के लिए लागू हुई यह योजना सवालों के कठघरे में है। पिछले कुछ सालों में लगभग 5 लाख महिलाओं को लाभार्थियों की सूची से निकाल दिया गया है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2024 में रायपुर से महतारी वंदन योजना की घोषणा की थी। इस योजना के तहत 70.12 लाख महिलाओं के खाते में 655.57 रुपये ट्रांसफर किए गए थे। यह योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक थी।



### 5 लाख महिलाओं के नाम हटाए

2023 में छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दौरान बीजेपी सरकार ने 21 साल से अधिक सभी महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये देने की घोषणा की थी। इस साल अक्टूबर में गृह मंत्री अमित शाह ने योजना की 20वीं किश्त जारी की, जिसका लाभ केवल 64.94 महिलाओं को ही मिला। इस लिस्ट में लगभग 5 लाख महिलाओं के नाम नहीं थे।

### कांग्रेस ने उठाए सवाल

महतारी वंदन योजना में लाभार्थियों की संख्या में आई कमी के बाद कांग्रेस सरकार ने भी सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। कांग्रेस के प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर के अनुसार, पीएम मोदी ने स्कीम लॉन्च की तो पहली किश्त में 70 लाख महिलाओं को पैसे मिले थे। मगर, 20वीं किश्त में 5 लाख महिलाओं के नाम हटा दिए गए। यह छत्तीसगढ़ की महिलाओं के साथ धोखा है। कांग्रेस ने सरकार से मांग की है कि जिन महिलाओं के नाम सूची से निकाले गए हैं, वो लिस्ट सार्वजनिक की जाए। कांग्रेस का आरोप है कि कई जरूरतमंद महिलाओं के नाम सूची में शामिल नहीं है।

## छत्तीसगढ़ की 9 क्षेत्रीय पार्टियों पर 'मान्यता' का संकट

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजनीति से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। राज्य की नौ (9) क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टियों की मान्यता अब ख़तरे में है। इन दलों पर वित्तीय अनियमितताओं और चुनावी खर्च का ब्यौरा समय पर जमा न करने का गंभीर आरोप है।

चुनाव आयोग ने केंद्रीय आयोग को भेजा मामला

राज्य निर्वाचन आयोग में इन मामलों की सुनवाई पूरी होने के बाद, अब अंतिम निर्णय के लिए यह मामला केंद्रीय निर्वाचन आयोग को भेज दिया गया है। केंद्रीय आयोग अगले एक महीने के भीतर यह तय करेगा कि इन दलों का पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) बरकरार रखा जाए या उन्हें पंजीकृत दलों की सूची से हटा दिया जाए। खतरे में इन 9 पार्टियों की मान्यता जिन क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की मान्यता रद्द होने की तलवार लटक रही है, उनकी सूची इस प्रकार है: भारत भूमि पार्टी, भारतीय जनता सेक्युलर पार्टी, भ्रष्टाचार मुक्ति मोर्चा, छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच, छत्तीसगढ़ विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी, छत्तीसगढ़ समाज पार्टी, छत्तीसगढ़िया पार्टी, पिछड़ा समाज पार्टी यूनाइटेड, राष्ट्रीय गोंडवाना पार्टी, वित्तीय अनियमितता और खर्च रिपोर्ट में चूक मुख्य कारण निर्वाचन आयोग की कार्रवाई का मुख्य आधार इन दलों द्वारा निर्धारित नियमों का पालन न करना है। इन पार्टियों पर मुख्य रूप से दो बड़े आरोप हैं।

## पश्चिम बंगाल में मेडिकल छात्रा से दरिंदगी: मां बोली- मित्र ने नहीं दिया साथ, अकेला छोड़ भागी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल से एक बार फिर दिल-दहलाने वाली घटना सामने आई, जिसने सीएम ममता बनर्जी की सुरक्षा व्यवस्था पर सैकड़ों सवाल खड़े कर दिए। सवाल ये भी उठ रहे है कि ममता के राज में उनकी ही राज्य की महिलाएं कितनी सुरक्षित है? घटना की बात करें तो राज्य के दुर्गापुर स्थित निजी मेडिकल कॉलेज में एक छात्रा के साथ कुछ दरिंदों ने सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। कुछ महीने पहले आरजी कर में एक महिला डॉक्टर से साथ हुए दुष्कर्म की घटना और अब इस घटना ने फिर ममता सरकार की सुरक्षा व्यवस्था को सवालों के घेरे में लाकर रख दिया है। बता दें कि यह घटना शुक्रवार रात दुर्गापुर के एक निजी मेडिकल कॉलेज के बाहर हुई, जब ओडिशा के बालासोर जिले की जलेसर की दूसरी साल की छात्रा अपने एक दोस्त के साथ बाहर खाना खाने गई थी। इसी दौरान आरोपियों ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। फिलहाल पीड़िति का इलाज पास के अस्पताल में चल रहा है।



### खबर सुन, दुर्गापुर पहुंचे माता-पिता

उधर, घटना की खबर सुनते ही पीड़िता के माता-पिता दुर्गापुर पहुंचे। पत्रकारों से बात करते हुए छात्रा के माता-पिता ने कहा कि वे अपनी बेटी के दोस्तों का फोन आने के बाद आज सुबह दुर्गापुर पहुंचे। छात्रा के पिता ने कहा हम आज सुबह यहां आए और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। छात्रा की मां ने आरोप लगाया कि शुक्रवार रात लगभग दस बजे उनकी बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया, जब वह अपनी मित्र के साथ रात के खाने के लिए कॉलेज परिसर से बाहर गई थी।

### छात्रा के दोस्त ने बीच रास्ते में छोड़ा, फिर..

पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार रात उस वक्त हुई जब छात्रा अपनी मित्र के साथ डिनर के लिए कॉलेज कैंपस के बाहर गई थी। परिवार वालों का आरोप है कि पीड़ता के दोस्त ने उसे बीच रास्ते में छोड़ दिया, और खुद वहां से भाग गई, जिसके बाद तीन अज्ञात लोगों ने उसका फोन छीना और पास के जंगल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। छात्रा की मां ने बताया कि उनकी बेटी को धमकी भी दी गई कि अगर उसने किसी को कुछ बताया तो अंजाम बुरा होगा। आरोपियों ने छात्रा से मोबाइल वापस देने के बदले पैसे की भी मांग की। छात्रा के परिवार वालों ने शनिवार सुबह दुर्गापुर पहुंचकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। दुर्गापुर कमिश्नरेट के डीसी (ईस्ट) अभिषेक गुप्ता ने कहा कि यह संवेदनशील मामला है, सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ईडी ने सीएफओ अशोक कुमार पाल को किया गिरफ्तार, नकली बैंक गारंटी मामले में बड़ी कार्रवाई

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को रिलायंस पावर लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक और मुख्य वित्तीय अधिकारी अशोक कुमार पाल को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार, यह गिरफ्तारी नकली बैंक गारंटी से जुड़े एक पुराने बैंक फ्रॉड केस के तहत की गई है। यह मामला अनिल अंबानी समूह की कंपनियों से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है।



सूत्रों के मुताबिक, ईडी की यह कार्रवाई उस विस्तृत जांच का हिस्सा है, जिसमें रिलायंस ग्रुप से संबंधित कई वित्तीय लेन-देन और संदिग्ध बैंक गारंटियों की जांच की जा रही है। एजेंसी जल्द ही अशोक कुमार पाल को अदालत में पेश कर रिमांड की मांग कर सकती है। जांच में यह भी सामने आया है कि संदिग्धों ने अपनी बातचीत को छिपाने के लिए टेलीग्राम की 'disappearing messages' सुविधा का उपयोग किया। ईडी के अनुसार, इस डिजिटल फ्रॉड नेटवर्क का उद्देश्य फर्जी गारंटी को वैध दिखाना और जांच से बचना था।

### कंपनियों और रैकेट का खुलासा

जांचकर्ताओं ने इस पूरे मामले का पता अनिल अंबानी समूह की कंपनियों–रिलायंस एनयू बेस लिमिटेड और महाराष्ट्र एनर्जी जेनरेशन लिमिटेड–से लगाया है। माना जा रहा है कि इन कंपनियों के माध्यम से संदिग्ध लेन-देन किए गए। ओडिशा स्थित बिस्वाल ट्रेडलिंक प्राइवेट लिमिटेड पर 8त्न कमीशन लेकर नकली बैंक गारंटी जारी करने और अघोषित खातों के जरिए धन के लेन-देन का आरोप है। ईडी इस समय अनिल अंबानी समूह से जुड़े एक अन्य 17,000 करोड़ के ऋण धोखाधड़ी केस की भी जांच कर रही है। इसी सिलसिले में उद्योगपति अनिल अंबानी को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत पूछताछ के लिए दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय में बुलाया गया है।

## ईओडब्ल्यू-एसीबी ने उच्चतम न्यायालय में पेश किया फर्जी दस्तावेज, चीफ समेत 3 अफसरों से कोर्ट ने मांगा स्पष्टीकरण

रायपुर। कोल लेवी घोटाले में फर्जी दस्तावेज तैयार कर उच्चतम न्यायालय को गुमराह करने के मामले में ईओडब्ल्यू-एसीबी के वरिष्ठ अधिकारियों पर आपराधिक परिवाद दायर किया गया है।




अधिवक्ता गिरिश चंद्र देवांगन की शिकायत के आधार पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आकांक्षा बेक की अदालत ने ईओडब्ल्यू-एसीबी के चीफ अमरेश मिश्रा, एडिशनल एसपी चंद्रेश ठाकुर और डीएसपी राहुल शर्मा को नोटिस जारी करते हुए 25 अक्टूबर 2025 को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है।

दरअसल कोल लेवी घोटाले में दर्ज अपराध की विवेचना के दौरान जिला जेल धमतरी में बंद आरोपित निखिल चंद्राकर को 16-17 जुलाई 2025 को धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराने के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया था। परंतु जांच में सामने आया कि न्यायालय में पेश कथित बयान वास्तव में विवेचकों द्वारा अपने कार्यालय में तैयार कर लाया गया था और केवल हस्ताक्षर लेकर दस्तावेज को असली बताकर सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया गया।

फारेंसिक विशेषज्ञों की रिपोर्ट में यह भी साफ हुआ है कि दस्तावेज में प्रयुक्त फांट न्यायालय के आधिकारिक फांट से मेल नहीं खाता, और उसमें मिश्रित फांट का प्रयोग हुआ है। इससे साफ होता है कि दस्तावेज न्यायालय में तैयार नहीं किया गया, बल्कि कूटरचित है।

आरोप है कि विवेचकों ने इस फर्जी दस्तावेज का उपयोग कर मामले में गंभीरता दर्शाने और निर्दोषों को फंसाने का प्रयास किया। इस मामले पर अब न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए तीनों अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से तलब किया है।

## बिहार चुनाव: बीजेपी ने 60 सीटों पर तय किए प्रत्याशियों के नाम, कल हो सकता है ऐलान!

पटना। शनिवार की देर शाम भाजपा प्रत्याशियों की अंतिम सूची पर बिहार भाजपा कोर ग्रुप की मुहर लग गई है। अब केंद्रीय चुनाव समिति एवं संसदीय बोर्ड को अंतिम रूप से प्रत्याशियों की सूची पर निर्णय करना है। हालांकि, भाजपा की ओर से लगभग 60 सीटों पर एक प्रत्याशी के नाम को अंतिम रूप से तय कर दिया गया है। शेष 65 सीटों पर अभी भी दो से तीन प्रत्याशियों के नाम सूची में सम्मिलित हैं।

इसके पीछे कारण राजग के सहयोगियों जदयू, लोजपा, हम एवं रालोमो के बीच कुछ-कुछ सीटों को लेकर की जा रही दावेदारी है। इससे पहले शनिवार को बिहार भाजपा कोर ग्रुप की दो दौर की बैठक बिहार प्रभारी विनोद तावड़े के आवास पर हुई। इसके उपरांत सूची भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को सौंपी गई। इस सूची टिकट के दावेदारों की संख्या अधिक होने के कारण राष्ट्रीय चुनाव समिति एवं संसदीय बोर्ड के समक्ष भेजने से पूर्व नड्डा ने तावड़े एवं बिहार के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान के साथ बैठक कर सूची की सूक्ष्मता के साथ स्क्रूटनी की। इसके पीछे नड्डा का लक्ष्य प्रत्याशियों के नाम पर निर्णय लेने की प्रक्रिया आसान बनाना है। अब संभावना है कि रविवार को सीटों पर तालमेल होने के साथ अंतिम रूप से सीटों की संख्या राजग के घटक दलों को सूचित कर दी जाएगी।



### रविवार को अमित शाह के साथ होगी बैठक

पटना में पूर्व सांसद अरुण कुमार को जदयू में शामिल कराए जाने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता ललन सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा दिल्ली पहुंच चुके हैं। एनडीए के घटक दल हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के अध्यक्ष जीतनराम मांझी, लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा पहले से दिल्ली में मौजूद हैं। सभी नेताओं की भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ संयुक्त बैठक रविवार को प्रस्तावित है, जिसमें सीट बंटवारे के प्रारूप पर अंतिम मुहर लग सकती है।

## दिवाली से पहले एनएचएम कर्मियों को तोहफा, राज्य शासन ने की 5 प्रतिशत वेतन बढ़ाने की घोषणा

रायपुर(दावा)। राज्य शासन ने नेशनल हेल्थ मिशन एनएचएम के कर्मचारियों को दीपावली से पहले बड़ी राहत दी है। लंबे समय से वेतन वृद्धि की मांग कर रहे कर्मियों के लिए शासन ने 5 प्रतिशत वेतन वृद्धि की घोषणा की है। यह बढ़ोतरी 1 जुलाई 2023 से प्रभावी होगी।




हालांकि, आदेश में स्पष्ट किया गया है कि वही अधिकारी-कर्मचारी इस लाभ के पात्र होंगे, जिनकी सेवा अवधि 1 जुलाई 2023 तक एक वर्ष पूर्ण हो चुकी है। इस शर्त के कारण लगभग 1500 से अधिक कर्मचारी वेतन वृद्धि के लाभ से वंचित रहेंगे।

### घोषणा का था बेसब्री से इंतजार

गौरतलब है कि, एनएचएम कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 33 दिनों तक हड़ताल पर रहे थे। इस दौरान संघ के अध्यक्ष समेत 25 पदाधिकारियों को बर्खास्त भी किया गया था। हड़ताल खत्म होने के समय शासन और संघ के बीच हुई चर्चा में बर्खास्त कर्मियों की बहाली का आश्वासन दिया गया था। अब कर्मचारी वेतन वृद्धि के साथ-साथ बहाली की घोषणा का भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### जल्द काम पर लौट सकते हैं एनएचएम कर्मचारी

वहीं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारी पिछले एक महीने से हड़ताल पर है। प्रदेशभर के कर्मचारियों ने अपना सामूहिक इस्तीफा भी सौंप दिया है। वहीं इस बीच अब प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का बयान (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# दिग्विजय स्टेडियम में मवेशियों का कब्जा, स्टेडियम बना चारागाह

**राजनांदगांव (दावा)।** शहर के दानवीर राजा दिग्विजय दास के नाम पर बने दिग्विजय स्टेडियम को संस्कारधानी नगरी का गौरव और खिलाड़ियों की साधना स्थली के रूप में जाना जाता है। सन् 2019 में इस जर्जर हो चुके स्टेडियम का कायाकल्प कर किसी राजसी प्रासाद, व्हाइट हाउस की तरह बनाया गया था। लाखों करोड़ों का यह राजा दिग्विजय दास स्टेडियम इन दिनों खेल के बजाय मवेशियों के चारागाह का अड्डा बन गया है। देखरेख के अभाव के चलते मैदान में ऊंची-ऊंची घांसे उग आई है, जहां मजे से गायें चारा चरती दिखाई देती हैं। खेल व खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए बनाए गए इस स्टेडियम में खिलाड़ी दोनों सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं। बताया जाता है कि यह स्टेडियम खेल के बजाय सुबह-सबेरे कुछ कसरत व्यायाम करने वालों के दौड़ने का स्थल के रुख में काम में आ रहा था, लेकिन स्टेडियम में बड़े-बड़े घांस उग आने से लोग कीड़े-मकोड़े के डर से यहां दौड़ने आना बंद कर दिए हैं।

स्टेडियम के नजदीक रहने वाले लोगों ने बताया कि स्टेडियम में जो मिट्टी डाली गई है वह घटिया स्तर की है और समतल न होकर उबड़-खाबड़ है जिसमें दौड़ने भागने से खिलाड़ियों को चोट आने का डर बना रहता है। इसलिए खिलाड़ी दौड़ना भी बंद कर दिए हैं। अब इस स्टेडियम में पूरी तरह मवेशियों का राज हो गया है। दिक्कत की बात यह कि इन मवेशियों को हकालने के लिए कोई व्यक्ति भी नहीं है। इस पर खेल प्रेमी व जागरुक नागरिकों ने सवाल उठाया है कि क्या यह स्टेडियम में मैदान खिलाड़ियों के बजाय मवेशियों के लिए खोल दिया गया है? इसे क्या पूरी तरह गौठान बनाने की योजना है?

### खिलाड़ियों की मेहनत पर फिर रहा पानी

बता दें कि सुबह-शाम अभ्यास के लिए आने वाले खिलाड़ी मैदान की हालत देखकर निराश हैं। मैदान में गोबर और चारे के ढेर पड़े रहते हैं। खिलाड़ियों का कहना है कि जब तक मैदान साफ नहीं रहेगा, वे अभ्यास भी नहीं कर सकते। एक खिलाड़ी ने कहा कि जहाँ पहले हम दौड़ लगाते थे वहां मवेशी स्वच्छंद विचरण करते रहते है, जिनके द्वारा हमला कर देने का डर बना रहता है। इसके चलते पूरी तरह अभ्यास भी नहीं कर पाते। इससे उनकी मेहनत पर पानी फिर रहा है। लाखों-करोड़ों खर्च कर बनाए गए इस विशाल स्टेडियम को गाय-भैंस का खटाल बनते देख काफी दुख होता है।



मैदान में खिलाड़ियों की जगह मवेशियों का डेरा... प्रशासनिक लापरवाही पर उठ रही उंगलियां

0 स्टेडियम की रखरखाव पर उठ रहे सवाल

बताते चलें कि दिग्विजय स्टेडियम की देखरेख जिला खेल विभाग और स्थानीय प्रशासन के अधीन है, कलेक्टर इसका पदेन अध्यक्ष भी हैं। खेल प्रेमियों का कहना है कि स्टेडियम की बाउंड्री दीवार व गेट है, इसके बाद भी आसपास के मवेशी आसानी से अंदर घुस आते हैं। लोगों का यहां तक कहना है कि कुछ लोगों के स्वार्थ के चलते स्टेडियम का मुख्य गेट कलेक्ट्रेट की दिशा की ओर करने के बजाय अनुपम नगर रोड की ओर कर दिया गया है। इससे इसकी गरिमा नष्ट हो रही है। खास कर हॉकी खेल के लिए बनाया गया यह स्टेडियम शहर का गौरव व पहचान भी है। 15 अगस्त 26 जनवरी जैसे राष्ट्रीय पर्व इस विशाल स्टेडियम में संपन्न होते रहे हैं। मुख्य अतिथि द्वारा परेड की सलामी ली जाती थी। राष्ट्रीय पर्वों में विभागों की एक से बढ़कर झांकियां दिखाई जाती थी जिसे देखने सभी स्कूलों के बच्चों सहित पूरा शहर उमड़ पड़ता था। उक्त स्टेडियम अब वीरान होकर रह गया है। दानवीर राजा दिग्विजय दास के नाम पर बने शहर की शान, उक्त स्टेडियम के प्रेमी लोगों का कहना है कि जब तक इस स्टेडियम में विविध खेलों के संचालन व देखरेख तथा रख-रखाव संबंधी जिम्मेदारी तय नहीं होगी, तब तक ऐसी स्थिति बनी रहेगी और स्टेडियम खटाल बन कर रह जाएगा।

### मैदान को राष्ट्रीय पर्व आयोजन व खेल के योग्य बनाई जाए

लोग तो अब सवाल भी उठाने लगे हैं कि, सार्वजनिक खेल परिसर को निजी चरागाह में बदलने की अनुमति किसने दी? उन लोगों प्रशासन से इस पूरे मामले की जांच की मांग की है। शहर में धार्मिक क्षेत्रों व सामाजिक क्षेत्रों में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले अधिवक्ता राकेश ठाकुर, खिलाड़ी, प्रकाश शुक्ला व अन्य खेल प्रेमियों व खिलाड़ियों ने जिला खेल अधिकारी और नगर निगम प्रशासन से अनुरोध किया है कि मैदान की सफाई कराई जाए, गेट की मरम्मत की जाए और चौकीदार की जवाबदारी तय की जाए। लोगों का कहना है कि यह स्टेडियम शहर की खेल पहचान है, इसे मवेशियों का अड्डा बनने से बचाया जाए। खेल मैदान युवाओं के सपनों का केंद्र होते हैं। जब ये मैदान उपेक्षा और गंदगी का शिकार हो जाएंगे तो खेल और क्रीड़ा कला की संस्कृति भी कमजोर होगी। इस तरह देश ही नहीं विदेशों तक हॉकी और झांकी के लिए जाना जाने वाले शहर की उक्त गरिमामय पहचान को नष्ट न किया जाए।

## पहला कॉलम...

### चिचोला पुलिस के हत्थे चढ़ा अवैध शराब विक्रेता



युवक से 45 पौव्वा देशी संत्रा शराब जब्त, आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज

राजनांदगांव (दावा)। जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चिचोला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुरुवार 9 अक्टूबर को चिचोला थाना क्षेत्र में एक युवक को अवैध रूप से शराब बेचते हुए पकड़ा गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी युवराज साहू पिता ललित को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से 45 पौव्वा देशी दारू संत्री जब्त की गई। जिसकी कुल मात्रा 8.100 बल्क लीटर है। चिचोला पुलिस ने आरोपी युवराज साहू के खिलाफ धारा 34(2) और 59(क) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। मामले में विवेचक अधिकारी उपनिरीक्षक राजकुमार कुर्रे और स्टाफ की कार्रवाई सराहनीय रही। पुलिस ने कहा कि अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ क्षेत्र में कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### संस्कारसिटी कॉलेज में गोबर और मिट्टी के दीयों से सजा दीपोत्सव

राजनांदगांव (दावा)। दीपावली के पावन अवसर पर संस्कार



सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन ठाकुरटोला में पारंपरिक और पर्यावरण हितैषी अंदाज में दीपोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने गोबर और मिट्टी से दीये बनाकर उन्हें सुंदरता से सजाया। परिसर में रंग-बिरंगी रंगोलियों के साथ दीप प्रज्वलन कर वातावरण को रोशन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हुए पारंपरिक दीप सज्जा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। अंत में आईक्यूएसी समन्वयक सुरभि भट्टाचार्य ने सभी सहायक प्राध्यापकों व प्रशिक्षणार्थियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी और पर्व को सुरक्षित व पर्यावरण के प्रति संवेदनशील तरीके से मनाने का संदेश दिया। दीपों से जगमगाता परिसर, रंगोली की छटा और विद्यार्थियों की रचनात्मकता ने आयोजन को खास बना दिया।

## स्वास्थ्य पहल : पीएम श्री सर्वेश्वरदास स्कूल में एफई की पाठशाला और निःशुल्क रक्त जांच कैम्प

राजनांदगांव (दावा)। फ्रैंको इंडिया फार्मास्युटिकल प्रा. लिमिटेड कंपनी द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश में पहली बार निःशुल्क अनीमिया डिटेक्शन और एफई की पाठशाला स्लोगन के साथ एक विशेष स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन पीएम श्री सर्वेश्वरदास उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में किया गया। इस स्वास्थ्य जागरूकता और सहायता कैम्प में सैकड़ों की संख्या में छात्राओं और छात्रों ने अपना रक्त जांच करवाया।



### रक्त की कमी पर विशेष फोकस

कैम्प में आज के समय के अनुचित खान-पान के कारण शरीर में रक्त की कमी (एनीमिया) से जूझ रहे विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान दिया गया। जिन विद्यार्थियों में रक्त की कमी पाई गई, उन्हें कंपनी की ओर से निःशुल्क Deforrnage सिरप का वितरण किया गया। यह सिरप आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन बी-12 जैसे पोषक तत्वों से भरपूर है, जिसका उद्देश्य शरीर में हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाना और रक्त की गुणवत्ता में सुधार लाना है।

### वरिष्ठ चिकित्सकों और प्रबंधन का सहयोग

इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल को सफल बनाने में नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सी.पी. सोनी और डॉ. अमृता भदौरिया ने सहयोग किया। कार्यक्रम के दौरान शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी, प्राचार्य पंकज शुक्ला सहित समस्त स्टाफ ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और कैम्प के सुचारु संचालन में सक्रिय सहयोग दिया।

## जिला संयुक्त सेवा भजन मानस मंडल के आधार स्तंभ दुखुराम साहू का निधन

राजनांदगांव (दावा)। दुखुराम साहू ने स्वयं सेवा गीत, पचरा गीत की रचना किए जो आज राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, बालोद सहित मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी क्षेत्र में नवरात्रि पर यह गीत गाया जाता है। श्री साहू कई जस झांकी कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में अतिथि भी रहे। पारिवारिक जिम्मेदारी दुखुराम साहू मजदूरी करके अपने पांच बेटे व एक बेटी की लालन पालन व विवाह किया। साथ ही परिवार को सक्षम बनाया। सामाजिक जिम्मेदारी दुखुराम साहू का परिवार के साथ-साथ समाज के लिए उनका अतुलनीय योगदान रहा। दुखुराम साहू ने सिर्फ सेवा समाज का निर्माण नहीं किया। इसके अतिरिक्त अनेकों कलाकार भी तैयार किया। उनके शिखाएं गुरु ज्ञान से आज कई गीतकार बने। वह सेवा व



पचरा गाया करते थे। इसके अतिरिक्त ढोलक बजाना, मांदर मंझिरा बजाना निःशुल्क सीखाया एवं राजनांदगांव शहर सहित जिला के कई सेवा मंडलियों का संचालन किया एवं उनका पंजीकरण भी कराया।

श्री साहू की उपलब्धि पूर्व जिला अध्यक्ष दुखुराम साहू ने जिला संयुक्त सेवा भजन मानस मंडली का गठन किया और 20 वर्ष बाद संगठन द्वारा सहयोग राशि से राजनांदगांव वार्ड नं.1 बजरंगपुर नवागांव में जिला संयुक्त सेवा भजन मंडली का भवन निर्माण कराया। जो वार्डवासियों के लिए छोटा मोटा कार्यक्रम एवं सेवा मण्डलियों का बैठक कराने व छोटे-मोटे कार्यक्रम भवन में किया जाता हैं। इसके अतिरिक्त वह अपने वार्ड के गौरा-गौरी समिति की अध्यक्षता भी किए एवं वार्ड में भी साहू जी का उल्लेखनीय व अतुलनीय योगदान रहा। दुखुराम साहू का निधन 10 अक्टूबर शुक्रवार को हुआ। जिनका काठी का कार्यक्रम शुक्रवार को ही सम्पन्न किया गया है आगे की कार्यक्रम 12 अक्टूबर रविवार को तीज नाहवन का कार्यक्रम और 14 अक्टूबर मंगलवार को दशगात्र का कार्यक्रम निज निवास बसंतपुर राजीवनगर वार्ड नं. 42, 43 सर्वसमाज भवन में रखा गया है।

## मुसुवा चोर गिरफ्तार, मोटर सायकल की बरामद

राजनांदगांव (दावा)। मुसुवा चोर अंततः पुलिस के हत्थे चढ़ ही गया है। घर के बाहर रखी मोटर सायकल को चोरी करने में माहिर मुसुवा चोर सहित पुलिस ने त्योहारी सीजन के मद्देनजर अन्य बदमाशों को भी धर दबोचा है और उनके खिलाफ कार्रवाई की है।



डोंगरगांव थाना प्रभारी कृष्णा पाटले ने बताया कि समित कुमार पिता शिवाकांत दीक्षित उम्र 27 वर्ष निवासी सिनेमा लाइन डोंगरगांव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 9 अक्टूबर को अपने घर के सामने रखे मोटर सायकल बजाज प्लेटिना सीजी 08 एफ 1793 को खड़ी कर रखा था। किसी ने उसे गायब कर दिया। पुलिस ने उक्त अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303 (2) बीएन एस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में ले लिया गया। चोर को पकड़ने के लिए उनके नेतृत्व में टीम गठित की गई और संदेह के आधार पर दुर्गेश देवांगन उर्फ मुसुवा को पकड़ कर उससे पूछताछ की गई जिस पर उन्होंने उक्त मोटर सायकल चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस उसे गिरफ्तार के न्यायालय में पेश किया गया।

### बदमाशों पर भी की गई कार्रवाई

डोंगरगांव पुलिस ने दीपावली त्यौहार को देखते हुए उसके थाना क्षेत्र में उत्पात मचाने वाले असामाजिक तत्वों पर भी प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है। श्री पाटले ने बताया कि आरोपी अंगद बारमाटे पिता ताराचंद बारमाटे उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम बगदई एवं आकाश ठाकुर पिता फागूराम उम्र 19 वर्ष निवासी सालिक झिटिया के खिलाफ धारा 170/126,135 (3) बीएन एस एस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर एसडीएम के न्यायालय ने पेश किया गया है। उन्होंने बताया कि अभी त्योहारी सीजन में गुंडे बदमाश व असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर बनी रहेगी।

## बसंतपुर पुलिस ने दबोचे 11 फरार वारंटी




अभियान चलाकर 2 स्थायी, 9 गिरफ्तारी वारंटियों को किया गिरफ्तार, न्यायालय में किया पेश

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, बसंतपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना प्रभारी एमन साहू के नेतृत्व में टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे दो स्थायी वारंटी और नौ गिरफ्तारी वारंटियों को धर दबोचा है। सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा और नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में असामाजिक तत्वों और वारंटों की तामीली के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में, शनिवार 11 अक्टूबर को अलग-अलग टीम बनाकर वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए भेजा गया था।

### ये वारंटी हुए गिरफ्तार

गठित टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे कुल 11 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो स्थायी वारंटी शामिल हैं। जिनमें प्रेमदास मानिकपुरी पिता कमलेश दास मानिकपुरी निवासी दुर्गा चौक, राजेन्द्र राजपूत पिता स्व. भगत सिंह राजपूत निवासी ब्राह्मण पारा शामिल है। इसके साथ ही नौ गिरफ्तारी वारंटियों को भी गिरफ्तार किया गया है। जिनमें सिद्धार्थ बंसोड़ पिता अशोक बसोड निवासी गौरीनगर, चंदन चौधरी पिता यशवंत चौधरी निवासी राजीवनगर, सौरभ मानिकपुरी पिता नावेन्द्र मानिकपुरी निवासी चौखडिया पारा, मुकेश साहु पिता जानुक साहु निवासी लखोली दुर्गाचौक, गौरव यादव पिता दीपक यादव निवासी नदंई, राजेन्द्र राजपूत पिता स्व. भगत सिंह राजपूत निवासी ब्राम्हण पारा, अमन राजपूत पिता रवि राजपूत निवासी चौखडिया पारा, ईश्वर यादव पिता ओमलाल यादव निवासी नंदई चौक सहित एक अन्य गिरफ्तारी वारंटी चंदन चौधरी पिता यशवंत चौधरी निवासी राजीवनगर आदि शामिल है।

**जल ही जीवन है, इसे व्यर्थ न बहाएं। जल है तो कल है।**

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं छगनलाल साहू पिता श्री रामाधीन साहू आयु 45 वर्ष हाउस नं 169, वार्ड नं 11, करमतरा, करमतरा, राजनांदगांव, डोंगरगांव (छ:ग)।

यह शपथ करता हूँ कि मैने अपने पुत्र का पुराना नाम एवन कुमार साहू (EVAN KUMAR SAHU) से बदलकर एवन कुमार (AVAN KUMAR) रख लिया है। अत: आज से मेरे पुत्र का नाम शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेज मे नया नाम एवन कुमार (AVAN KUMAR) से ही जाना पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहता हूँ।

**छगनलाल साहू**
पिता - श्री रामाधीन साहू
निवासी - हाउस नं 169, वार्ड नं. 11, करमतरा, करमतरा राजनांदगांव डोंगरगांव (छ:ग), मो.नं. 7489319877

### शुभांक

अनुमानित

बी. के.

225-9 124-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## अवैध शराब बिक्री व अवैध शराब पिलाने वाले आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में अवैध शराब पिलाने वाले तथा अवैध शराब की बिक्री करनू वाले आरोपियों को धर दबोचा है। चौकी चिखली प्रभारी कैलाश कुमार मरई के नेतृत्व में आरोपियों को गिरफतार कर उनके पास से 2700 एमएल बाम्बे गोवा व्हिस्की शराब जब्त की है तथा एक आरोपी के विरूद्ध 34(1) आब. एक्ट एवं दूसरे आरोपी के विरूद्ध धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। श्री मरई ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भापुसे) के पर्यवेक्षण में जिले मे अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाश और सार्वजनिक स्थानो पर शराब पीने वालो के विरूद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### आरोपियों को दबोचने की गई रेड कार्रवाई

बताया गया कि शुक्रवार 10 अक्टूबर को चौकी चिखली पुलिस द्वारा शराब बिक्री करने के संबंध मे पुख्ता सूचना के आधार पर उज्जवल स्टील दुकान के पास रेड कार्यवाही किया गया। कार्यवाही में आरोपी उमेश पटेल उर्फ गोलू पिता स्व. रामप्रसाद पटेल उम्र 40 साल निवासी गोलबाजार थाना कोतवाली के कब्जे से 15 पौवा बाम्बे गोवा व्हीस्की शराब कीमत 1800 रूपये जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत् विधिवत कार्यवाही किया गया। इसी तरह चिखली भट्ठी के पीछे अपने चखना दुकान मे अवैध रूप से शराब पीने वालों को सुविधा मुहैया करा रहे आरोपी सिद्धार्थ साहू पिता रामसेवक साहू उम्र 45 साल निवासी चिखली देशमुख होटल के पास के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36(सी) के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया।



आरोपियों से 2700 एमएल बाम्बे गोवा व्हीस्की शराब जप्त

उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कानून शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाष और सार्वजनिक स्थानो पर शराब पीने वालो के विरूद्ध अभियान कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक श्री मरई सहित, सउनि शत्रुहन टण्डन, प्र.आर अरूण कुमार नेताम, राजकुमार वर्मा, म.प्र.आर. वंदना पटले, आर. सुनील बैरागी, मिर्जा असलम बेग, आदित्य सोलंकी, मनोज जैन एवं चौकी चिखली स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा है।

### जिपं सामान्य समिति की बैठक 16 को

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत-सामान्य समिति की बैठक 16 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष राजनांदगांव में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिया जाएगा। बैठक में सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

### रुपोतीन बाई साहू का निधन



खुज्जी (दावा)। ग्राम रीवागहन निवासी स्व. हिरामनलाल साहू की पत्नी श्रीमति रुपोतीन बाई साहू 90 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम रीवागहन के मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई।






# त्यौहारी सीजन पर बारिश ने फेरा पानी, रंग-पेंट के व्यवसाय पर असर

राजनांदगांव (दावा)। दीपों का पर्व दीवाली को मात्र सप्ताह भर ही शेष है, लेकिन पर्व को धूमधाम के साथ तैयारी में लगे लोगों के उत्साह पर बे- मौसम की बारिश से पानी फिरने लगा है। गुरुवार वार की रात तेज गड़गड़ाहट के साथ अच्छी बारिश हुई। शुक्रवार को भी आसमान में बदली छाए रहे। बूंदाबांदी भी हुई। आसमान में बादल छाए रहने से अपने पति की लंबी आयु के लिए करवा चौथ का व्रत रखने वाली महिलाओं को बदली के कारण रात में 10 बजे के बाद चांद दिखा तब कहीं जाकर व्रत की पारणा की। शनिवार की अल्ल सुबह 4 बजे से 6 बजे तक बड़े-बड़े बूंदों वाली जमकर बारिश हुई। इससे माहौल पूरी तरह ठंडा हो गया।

हालांकि अभी भी उमस का माहौल बना हुआ है। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि बारिश अभी और होगी। मौसम विभाग द्वारा भी अभी दीपावली तक मौसम के इसी तरह रहने की संभावना जताई गई है। मौसम विज्ञानी एच पी चंद्रा का कहना है कि जब तक दक्षिण से हवा आनी शुरू नहीं होती बारिश-पानी का माहौल ऐसा ही बना रहेगा। उन्होंने बताया कि मानसून की विदाई हो चुकी है लेकिन अभी जो बारिश हो रही है, वह स्थानीय प्रभाव के चलते हो रही है। यह माहौल अभी कुछ दिन और बना रह सकता है।

### रंग-पेंट के बाजार में ग्राहकी का अभाव

बता दें कि दीपावली त्यौहार साफ-सुथराई, चमक-दमक का त्योहार है। दीपावली में घर-दुकान, आफिस, कारखाने आदि की सफाई, रंगाई-पुताई की जाती है। बारिश के चलते खराब हुए दीवारों की साफ-सफाई की जाती है। नया रंग पेंट चढ़ाया जाता है, लेकिन इस बार की दीपावली के पूर्व ही बारिश-पानी का माहौल बने रहने से लोग न तो ठीक से साफ सफाई की ओर ध्यान दें रहे हैं और न रंग-पेंट कराने की दिशा में सोंच रहे हैं। जिसके चलते रंग-पेंट का बाजार ठंडा जा रहा है। शहर के रंग-पेंट की दुकानों में ग्राहकों की भीड़ नजर नहीं आ रही। शहर में कामठी लाइन स्थित पुराने रंग-पेंट की दुकान नंद किशोर विधाता राम के यहां बताया गया कि बारिश के कारण व्यवसाय मंदा चल रहा है। संचालक श्री अग्रहरि ने बताया कि जीएसटी का स्लैब कम होने के चलते इस समय रंग-पेंट के दाम नहीं बढ़े हैं।

### जीएसटी स्लैब घटने से सीमेंट के दाम में कमी

पेंट व्यवसायी ने बताया कि सिर्फ व्हाइट सीमेंट में जीएसटी के दर कम होने से इसके दाम में कमी आई है, लेकिन बारिश-पानी के चलते इसका उठाव कम है।



- बे-मौसम बारिश के चलते बाजार खरीदी करने आने से डर रहे लोग
- मौसम विभाग ने दीपावली तक बताया इसका असर

लोग इस डर मे कि कहीं रुपए खर्च कर रंगाई-पुताई की फिर बारिश हो गई तो किए-कराए पर पानी फिर जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले चूना से पुताई करते थे फिर डिस्टेंपर आया। इसके बाद प्लास्टिक पेंट ने जगह ले ली। जिसे लगवाओ और चार-पांच सालके लिए फुर्सत हो जाओ। यह भी ग्राहकों को रंग-पेंट की दुकानों तक आने के लिए रोक रहा है।


इसी तरह गंज चौक बालाजी मंदिर समीप रंग-पेंट का दूकान लगाए भी एम इंटरप्राइज के संचालक राहुल जैन ने बताया कि मौसम में आई तब्दीली का असर रंग-पेंट के बाजार पर दिख रहा है। लोग बारिश के चलते अपने घरों का रंग-पेंट कराने से बच रहे हैं।

वैसे भी आजकल प्लास्टिक पेंट का चलन है, एक बार पेंट करा लो चार-पांच साल फुर्सत, लेकिन उनकी संख्या कम है। लोग हर साल अपने घरों-दुकानों की अच्छी तरह साफ-सफाई कर रंग-पेंट कराना चाहते हैं, ताकि दीपावली के त्योहार में चकाचक दिखे। इसलिए लोग डिस्टेंपर रंग पेंट खरीदते हैं। उन्होंने इसका रेट 40 रुपए पैकेट बताया। वहीं प्लास्टिक पेंट डेढ़ सौ से दो सौ रुपए लीटर बताया।

### बारिश से सोयाबीन व अन्य फसलों को नुकसान

बताते चलें कि इस बे-मौसम की बारिश के चलते जहां खेतों में जल भराव के चलते खड़ी फसल सड़ने लगी है। कटने को तैयार हरुना धान की बालियां झड़ रहीं। वहीं सोयाबीन की फसल बर्बाद हो गई है। जिले के घुमका, तिल, कल डबरी, मुसरा, आलीवारा, डोंगरगढ़ क्षेत्र में सोयाबीन की अधिक फसल ली जाती है। अधिक बारिश के कारण सोयाबीन फसल को सबसे अधिक क्षति पहुंची है। इससे किसानों में दीपावली त्यौहार मनाने के लिए मायुसी देखी जा रही है। यही वजह है कि दीपावली त्यौहार नजदीक होने के बावजूद किसानों का रुख बाजार की ओर होते नहीं दिख रहा है। बाद में यदि मौसम खुल जाए तो बाजार में रौनक दिखने लगेगी। रंग-पेंट का बाजार गर्म होगा। शहर के तिरंगा चौक समीप श्री गुप्ता के पेंट दुकान हो या नगर निगम के समीप दिग्विजय क्लब काम्प्लेक्स में नया खुले योगेश झारराय की रंग-पेंट की दुकान में बारिश के चलते रंग-पेंटों में उठाव नहीं दिख रहा है। बे-मौसम की बारिश से रंग-पेंट की दुकानों में ग्राहकों का अभाव बना हुआ है। यदि कुदरत की मेहरबानी हो तो इस दो- चार दिन में मौसम को खुलकर बाजार में त्योहारी रंगत बढ़ जाएगी।

# राष्ट्रीय एकता दिवस : सरदार पटेल जयंती पर भाजपा मनाएगी भव्य आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा द्वारा आगामी 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को पूरे देश में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाएगी। लौह पुरुष सरदार पटेल के अखंड भारत के निर्माण में दिए गए अद्वितीय योगदान को सम्मानित करने और उनकी जीवनी तथा प्रखर व्यक्तित्व को जन-जन तक पहुँचाने के लिए पार्टी ने प्रत्येक जिला, खंड और मंडल स्तर पर विशेष आयोजनों की रूपरेखा तैयार की है।

### राजनांदगांव में जिला स्तरीय समिति का गठन

केंद्र एवं प्रदेश भाजपा के निर्देशों का अनुसरण करते हुए राजनांदगांव जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने जिला स्तरीय सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती समिति का गठन किया है। इस समिति में बंटी लाल को जिला संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके साथ बोधन साहू और नोमेश वर्मा को सह-संयोजक बनाया गया है।

### मंडल स्तर पर आयोजन का आह्वान

जिला भाजपा महामंत्री सौरभ कोठारी और डीकेश साहू ने नवगठित समिति को शुभकामनाएं देते हुए जिले के सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि वे सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को मंडल स्तर पर आयोजित करें और उनके सिद्धांतों तथा राष्ट्रभक्ति को जनता के बीच प्रसारित करें। यह आयोजन देश की एकता और अखंडता के प्रति सरदार पटेल के समर्पण को याद करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।

# डीपीएस राजनांदगांव में सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप का भव्य समापन

राजनांदगांव (दावा)। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव में आयोजित 5 से 11 अक्टूबर सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2025 का आज भव्य समापन हुआ। समापन अवसर पर खिलाड़ियों के चेहरों पर उत्साह और उपलब्धि की चमक साफ झलक रही थी। पूरे आयोजन ने यह साबित किया कि डीपीएस राजनांदगांव अब खेल प्रतिभाओं का नया केंद्र बन चुका है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेश डाकलिया पूर्व महापौर राजनांदगांव, सीबीएसई आब्जर्वरशैलेन्द्र मोहन उपाध्ययाय, विनोद नायर एवं सीबीएसई टेक्नीकल डेलिगेट कुलदीप हार्डिया,अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की। अतिथियों का वागत शाला के निदेशकगण एवं प्राचार्या श्रीमती निर्मला सिंह ने पुष्प गुच्छ से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथ ने माँ सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया।









अंडर-14 बालक वर्ग में सेंट्रल एकेडमी स्कूल कोटा राजस्थान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्या ज्ञान स्कूल सीतापुर यूपी को 70-40 अंकों से पराजित किया। फर्स्ट रनरअप आरएलएस गुरूकुलम हिमाचल प्रदेश एवं सेकेण्ड रनरअप सिल्वर हिल्स पब्लिक स्कूल मारीकुन्नू कालीकट केरल रही। खेल के विभिन्न पहुलुओं पर विशेष स्थान प्राप्त करने वाले मोस्ट वैल्युबल प्लेयर आयुष सेंट्रल एकेडमी स्कूल कोटा राजस्थान, बेस्ट स्कोरर अमित विद्या ज्ञान स्कूल सीतापुर यूपी, बेस्ट डिफेंडर सत्य प्रकाश विद्या ज्ञान स्कूल सीतापुर (यूपी), बेस्ट रिबाउन्डर समर राज आरएलएस गुरूकुलम नालागढ़ सोलान (हिमाचल प्रदेश), बेस्ट प्लेयर लक्ष्य सेंट्रल एकेडमी स्कूल कोटा राजस्थान एवं बेस्ट फेयर प्ले सनबिम सनसिटी वाराणासी यूपी रहा।

अंडर-17 बालक वर्ग में दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव ने द वेलामल इंटरनेशनल स्कूल तमिलनाडु को 50-40 अंकों से हराकर खिताब अपने नाम किया। फर्स्ट रनरअप दिल्ली पब्लिक स्कूल बेगलोर, सेकेण्ड रनरअप नेहरू वर्ल्ड स्क्कूल गाजियाबाद रहा। खेल के विभिन्न पहुलुओं पर विशेष स्थान प्राप्त करने वाले मोस्ट वैल्युबल प्लेयर हिमांशु सिंह डीपीएस राजनांदगांव, बेस्ट स्कोरर कालवा सरवज्ञ राव डीपीएस राजनांदगांव, बेस्ट डिफेन्डर कनिस्कर द वेलामल इंटरनेशनल स्कूल तमिलनाडू, बेस्ट रिबाउन्डर अंश भाटिया नेहरू वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद यूपी, बेस्ट प्लेयर सौर्य पांडेय नेहरू वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद यूपी, बेस्ट फेयर प्ले ओक्रीज इंटरनेशनल स्कूल खाजागुड़ा रहा। अंडर-19 बालक वर्ग में युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव ने दिल्ली पब्लिक स्कूल बेंगलोर को 50-23 अंकों से हराया। फर्स्ट रनरअप सेंट अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल वाराणासी, सेकेण्ड रनरअप द मान स्कूल दिल्ली खेल के विभिन्न पहुलुओं पर विशेष स्थान प्राप्त करने वाले मोस्ट वैल्युबल प्लेयर सुभंम सिंह युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव, बेस्ट स्कोरर गणेश युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव, बेस्ट डिफेन्डर सुमित सिंह सेंट अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल वाराणासी, बेस्ट रिबाउन्डर आदित्य दिल्ली पब्लिक स्कूल बेंगलोर, बेस्ट प्लेयर शुभम सिंह युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव, बेस्ट फेयर प्ले युनाइटेड इंडियन स्कूल कुवैत रहा। मुख्य अतिथि नरेश डाकलिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि डीपीएस राजनांदगांव ने शिक्षा और खेल के समन्वय का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। खेल केवल जीत-हार नहीं, बल्कि अनुशासन, परिश्रम और टीम भावना का पाठ सिखाते हैं। कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

शाला की प्राचार्या श्रीमती निर्मला सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में खेल अब केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समग्र व्यक्तित्व विकास का अभिन्न अंग बन चुका है। उन्होंने सभी विजेता, उपविजेता टीमों और प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा सीबीएसई आब्जवर्स का विशेष आभार व्यक्त किया। जिन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर प्रोत्साहित किया। समारोह में विजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

# जिला पशु चिकित्सालय ने गाय का सिजेरियन ऑपरेशन कर बचायी उसकी जान



राजनांदगांव (दावा)। पशु चिकित्सा विभाग के तत्परता से एक घुमंतू गाय और उसके बछड़े की जान बचाई गई। शहर के लालबाग कॉलोनी में प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय संस्था के सामने बीती रात से प्रसव का प्रयास कर रही थी, लेकिन सफल नहीं हो पा रही थी कमजोरी के कारण बैठ गई थी, सुबह संस्था के दीदी ने जिला पशु चिकित्सालय से संपर्क कर उक्त बात बताई गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे डॉ. तरुण रामटेके ने प्रारंभिक जांच में पाया कि गाय गर्भाशय के मरोड़ से पीड़ित थी, जिसके कारण सामान्य प्रसव संभव नहीं था। जिसके कारण सिजेरियन सेक्शन कर सफलतापूर्वक बछड़े को जीवित निकाला गया।

इस जटिल सर्जरी में डॉ. तरुण रामटेके के नेतृत्व में बलराज सिंह चौहान, हर्ष ठाकुर, पीयूष कश्यप और इंटर्नशिप के स्टूडेंट का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनकी सामूहिक प्रयासों से गाय और उसके बछड़े की जान बचाई जा सकी। सफल ऑपरेशन के माध्यम से डॉ. तरुण रामटेके ने यह साबित कर दिया की सच्ची सेवा और समर्पण से कोई भी कठिन कार्य संभव है पशु चिकित्सा के क्षेत्र में उनकी यह तत्परता और कर्मनिष्ठा प्रशंसनीय है, संस्था के लोगों ने भी पशुपालन विभाग की भूरि-भूरि प्रशंसा की। पशु चिकित्सा विभाग ने अपील की है कि यदि किसी पशु को प्रसव में कठिनाई हो रही हो तो तुरन्त जिला पशु चिकित्सालय से संपर्क करें, ताकि समय पर सही उपचार मिल सके और पशु की जान बचाई जा सके।

# निंदा करने से सम्यक दर्शन का गुण चले जाता है- मुनि वीरभद्र



**चातुर्मासिक प्रवचन**

राजनांदगांव (दावा)। विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने आज यहां कहा कि निंदा करने से सम्यक दर्शन का गुण चले जाता है। इसलिए निंदा करने से बचें। उन्होंने कहा कि आने वाले पंचम काल में साधुओं,साध्वियों, श्रावकों एवं श्रविकाओं का आचार-व्यवहार बदल जायेगा।

जैन बगीचे में अपने नियमित चातुर्मासिक प्रवचन में जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने कहा कि साधु-साध्वी, श्रावक-श्रविका सभी समय के अनुसार बदलते जाएंगे, वे जिनवाणी का श्रवण तो करेंगे लेकिन उसका तथा संतों के उपदेशों का पालन नहीं करेंगे। लोग एक-दूसरे की निंदा में लगे रहेंगे। उन्होंने कहा कि कई विषम परिस्थितियां आयेंगी लेकिन यह समय गुजर जाएगा। उन्होंने कहा कि कैसी भी विषम परिस्थिति आ जाए लोगों को उसे घबराना नहीं चाहिए। समय बदलता रहता है और यह समय भी बदल जाएगा, आपको बस समय बदलने का इंतजार करना है।

मुनि वीरभद्र ( विराग ) ने कहा कि समय-समय पर अनेक परिवर्तन होते रहेंगे। कुछ अच्छा तो कुछ बुरा लेकिन यह स्थाई नहीं रहेगा और आता जाता रहेगा, इसलिए बुरी परिस्थितियां आई है तो निकल भी जाएगी और कल अच्छी स्थिति भी आ जाएगी। आप अपना आत्म कल्याण का मार्ग ना छोड़े और साधनारत रहें। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

# स्टेशन पारा स्कूल का हाल बेहाल, बच्चों का भविष्य अंधकार मय

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम के वार्ड नंबर 7 स्थित स्टेशन पारा के सरकारी स्कूल की जर्जर हालत ने बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा दोनों पर संकट खड़ा कर दिया है। स्कूल परिसर में पानी भरा हुआ है। दीवारों और छतों में सीपेज से करंट व ढहने का खतरा बना हुआ है। जिससे बच्चों की जान जोखिम में है।



**आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोनी ने साय सरकार को जमकर कोसा**

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोनी (भाई राजा) ने राज्य सरकार और नगर निगम दोनों को कठघरे में खड़ा किया है। राजेंद्र सोनी ने मौके पर पहुंचकर स्कूल की दुर्दशा को मीडिया के सामने उजागर किया। उन्होंने कहा कि इस स्कूल की हालत किसी खंडहर से कम नहीं है। पानी भरने, सीलन और करंट के डर से अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने से कतराने लगे हैं। जहरीले जंतुओं का डर और सीलन से बच्चों की तबीयत अक्सर खराब रहती है। यह स्थिति अत्यंत शर्मनाक और खतरनाक है।

उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि एक ओर सरकार विकसित छत्तीसगढ़ का सपना दिखा रही है। जबकि दूसरी ओर शिक्षा जैसी बुनियादी जरूरत की अनदेखी कर रही है। सोनी ने कहा सरकार बच्चों के भविष्य को अंधकारमय बना रही है और उनकी जान खतरे में डाल रही है। जिला अध्यक्ष ने नगर निगम के महापौर मधुसूदन यादव पर भी तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि महापौर शहर के सार्वजनिक शौचालयों को स्वर्ग समान सुंदर बना रहे हैं, लेकिन स्कूलों की हालत नरक जैसी बनी हुई है। अगर जल्द ही मरम्मत और जीर्णोद्धार नहीं हुआ तो बड़ी दुर्घटना निश्चित है। राजेंद्र सोनी ने अपील की कि ऊपरवाला भाजपा के नेताओं को सद्बुद्धि दे, ताकि वे किसी अनहोनी से पहले इस स्कूल की मरम्मत करा सकें। बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो और जान का खतरा टल सके।

# एनबीआईएस, बोरी में इकोज आफ टैलेंट का भव्य शुभारंभ

### फन फेयर के साथ अनेक गतिविधियां शामिल





राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में 11 सितंबर को पांच दिवसीय इकोज आफ टैलेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधि डायग्नोस्टिक की संचालिका डॉ. विधि तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। विशेष अतिथि के रूप में एनबीआईएस के संचालक नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, सुश्री कुंतल बाजपेयी उपस्थित रहीं। इकोज आफ टैलेंट का शुभारंभ सर्वप्रथम ज्ञान की देवी मां सरस्वती के तैल चित्र में दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया गया। पांच दिवसीय आयोजन हेतु सभी प्रतियोगिताओं के लिए विषय संबंधित निर्णायकों का चयन किया गया है। जिनका निर्णय अंतिम व मान्य रहेगा। शाला की प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी व एडमिन नितिन चौहान द्वारा सभी सम्माननीय अतिथियों व निर्णायकों का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। पांच दिवसीय चलने वाले इस आयोजन में पहले दिन एजुकेशनल मेला के साथ फन फेयर, रंगोली, मेहंदी व क्ले मॉडलिंग आयोजित की जाएगी।

दूसरे दिन के आयोजन में हिंदी व अंग्रेजी भाषा में शब्द सृजन को शामिल किया गया है। साथ ही यूथ पार्लियामेंट में बच्चों द्वारा राजनीति वाद विवाद प्रतियोगिता कराई जाएगी। तीसरे व चौथे दिन आयोजन में विभिन्न खेलों को जोड़ा गया है। जिसमें इंडोर एवं आउटडोर गेम्स में बच्चें अपनी प्रतिभा का परिचय देंगे।

आखिरी व पांचवें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिता रखी गई है। जिसमें छोटे बच्चों हेतु फैंसी ड्रेस, गायन, वादन, नृत्य, अभिनय के द्वारा बच्चों की आंतरिक प्रतिभा को निखारा जाएगा। पांच दिनों तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। पांच दिवसीय आयोजन हेतु सभी प्रतियोगिताओं के लिए निर्णायक का निर्णय अंतिम व मान्य रहेगा। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी का कहना है कि हर बच्चे में अपनी विशेष प्रतिभा होती है। हमें जरूरत है बच्चों की प्रतिभा को पहचान कर उन्हें एक मंच देने की। इकोज आफ टैलेंट द्वारा शाला, बच्चों को एक मंच प्रदान कर रही है, ताकि बच्चे अपनी कला का प्रदर्शन कर सके। इस पांच दिवसीय चलने वाले आयोजन में शाला के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया है।

# रजत जयंती महोत्सव पर सराहनीय पहल : पाटेकोहरा चेक पोस्ट पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



राजनांदगांव (दावा)। रजत जयंती महाउत्सव 2025 के शुभ अवसर पर विकासखंड छुरिया अंतर्गत पाटेकोहरा परिवहन चेक पोस्ट पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरिया द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में खंड चिकित्साधिकारी डॉ. ओमेश भगत तथा बीईटीओ सहित स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम की उपस्थिति रही। शिविर में बड़ी संख्या में ट्रक चालकों एवं चेक पोस्ट पर कार्यरत स्टाफ का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

परीक्षण के दौरान निम्नलिखित हीमोग्लोबिन जांच, सिकलिंग टेस्ट, एचआईवी जांच, टीबी स्क्रीनिंग, हेपेटाइटिस-बी स्क्रीनिंग, हेपेटाइटिस-बी वैक्सीनेशन आदि महत्वपूर्ण जांचें और सेवाएं प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उपस्थित सभी लाभार्थियों को उनके स्वास्थ्य से संबंधित जरूरी जानकारियां भी प्रदान कीं।

### उद्देश्य : गंभीर बीमारियों की रोकथाम

शिविर में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों के आयोजन से परिवहन क्षेत्र में कार्यरत लोगों को समय पर स्वास्थ्य जांच का लाभ मिल रहा है। जिससे गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान और रोकथाम संभव हो पा रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग, आरटीओ विभाग तथा चेक पोस्ट स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में हिंदी पर वेबिनार का सफल आयोजन





राजनांदगांव (दावा)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ के विद्यार्थियों ने बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) के आंचलिक कार्यालय रायपुर के तत्वावधान में 10 अक्टूबर को आयोजित एक महत्वपूर्ण वेबिनार में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार के मार्गदर्शन में हुए इस आयोजन में विद्यालय के हिंदी विभाग के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने हिंदी श्रेष्ठ संपर्क भाषा एवं भारत की धरोहर विषय पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता बैंक ऑफ बड़ौदा, अंचल कार्यालय रायपुर के मुख्य प्रबंधक (राजभाषा) सोमेन्द्र यादव थे। श्री यादव ने हिंदी एवं क्षेत्रीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार में बैंक ऑफ बड़ौदा का योगदान और हिंदी भाषा-एक करियर के रूप में विषय पर अपना प्रभावी उद्बोधन एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। वेबिनार में विद्यार्थियों की ओर से कक्षा ग्यारहवीं की उपासना साहू, वीणा धुर्वे, आभा घोंगड़े और अनन्या श्रीवास ने हिंदी भाषा के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका सुश्री गीतांजली ने किया। इस सफल आयोजन को संपन्न कराने में कम्प्यूटर अनुदेशक आयुष गुप्ता समेत अन्य शिक्षकों ने सहयोग दिया। कार्यक्रम में माध्यमिक वर्ग के विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## अनमोल दावा

> “ उत्तम से सर्वोत्तम वही हुआ है, जिसने अपनी आलोचनाओं को धैर्यपूर्वक सुना और सहा है।

# सर क्रीक को लेकर सचेत रहना होगा रक्षा और घुसपैठ रोकने के लिए आवश्यक

सर क्रीक क्षेत्र भारत-पाकिस्तान संबंधों में एक बार फिर तनाव का केंद्र बन गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सरक्रीक में सैन्य जमावड़े को लेकर पाकिस्तान को चेतावनी दी है। यह एक 96 किलोमीटर लंबा ज्वारीय मुहाना है, जो गुजरात में कच्छ के रण को पाकिस्तान के सिंध प्रांत से अलग करता है। सर क्रीक विवाद की जड़ें 1908 से जुड़ी हैं, जब कच्छ और सिंध के शासकों के बीच क्षेत्रीय विभाजन को लेकर असहमति उत्पन्न हुई।

बांबे प्रेसीडेंसी द्वारा 1914 में एक प्रस्ताव के जरिये मामले को सुलझाने का प्रयास किया गया, लेकिन उसने एक अस्पष्टता पैदा कर दी। प्रस्ताव के एक खंड में सुझाव दिया गया कि सीमा क्रीक के बाहरी किनारे की ओर स्थित है, जबकि दूसरे में अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लेख किया गया, जिसके अलग निहितार्थ थे। यह मुद्दा 1965 के सशस्त्र संघर्ष के बाद फिर से उभरा, जब पाकिस्तान ने कच्छ के रण के आधे हिस्से पर दावा किया। 1968 में एक अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण ने रण के 90 प्रतिशत हिस्से पर भारत के दावे को बरकरार रखा, लेकिन सर क्रीक सीमा अनसुलझी रही। भारत का कहना है कि सीमा क्रीक के बीच से होकर गुजरती है, जबकि पाकिस्तान जोर देता है कि यह क्रीक के पूर्वी तट पर स्थित है। यह अंतर निर्धारित करता है कि समुद्री सीमा अरब सागर में कैसे फैली हुई है, जो संभावित हाइड्रोकार्बन भंडार, मछली पकड़ने के क्षेत्रों और दोनों देशों के विशेष आर्थिक क्षेत्रों में अरबों डालर के सामुद्रिक संसाधनों तक पहुंच को प्रभावित करता है।

साल 1989 से भारत और पाकिस्तान इस विवाद को सुलझाने के लिए ठोस प्रगति के बिना छह दौर की चर्चाएं कर चुके हैं। पाकिस्तान जोर देता है कि समुद्री सीमा के लिए आधार स्थापित करने के लिए पहले क्रीक में सीमा का सीमांकन किया जाना चाहिए, जो भूमि और समुद्री सीमा मुद्दों को जोड़ता है। वहीं भारत ने परिसीमन, सीमांकन का प्रस्ताव रखा, लेकिन तकनीकी कठिनाइयों और राजनीतिक अविश्वास ने कार्यान्वयन को रोक दिया है। यह भारत के अपने अन्य पड़ोसियों के साथ समुद्री सीमाओं के सफल समाधान के बिल्कुल विपरीत है।

श्रीलंका के साथ 1974 और 1976 में द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें मालदीव के साथ त्रिबिंदु से लेकर पाक स्ट्रेट, पाक खाड़ी और मन्नार की खाड़ी में 200 समुद्री मील की सीमा तक फैली 288 किलोमीटर की समुद्री सीमा स्थापित की गई। बांग्लादेश के साथ दशकों की असफल बातचीत के बावजूद विवाद अंततः संयुक्त राष्ट्र सामुद्रिक कानूनों के तहत अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के माध्यम से हल किया गया। 2014 में स्थायी मध्यस्थता न्यायालय ने बंगाल की खाड़ी में विवादित 25,602 वर्ग किलोमीटर में से 19,467 वर्ग किलोमीटर बांग्लादेश को प्रदान किया। भारत और बांग्लादेश ने इस बाध्यकारी निर्णय को स्वीकार किया और इसे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के अवसर के रूप में उपयोग किया। ये उदाहरण दर्शाते हैं कि जब राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तब समुद्री सीमा विवादों का शांतिपूर्ण समाधान बातचीत या मध्यस्थता के माध्यम से संभव है।

सर क्रीक पाकिस्तान को रणनीतिक रूप से प्रभावित करता है। इसका सबसे बड़ा शहर कराची इस विवादित सीमा से केवल 60 किलोमीटर दूर स्थित है, जहां इसका प्राथमिक नौसैनिक अड्डा है। यहां भारतीय नौसैनिक उपस्थिति पाकिस्तान की व्यावसायिक जीवन रेखा और सैन्य बुनियादी ढांचे को खतरे में डालती है। भारत के लिए सर क्रीक को सुरक्षित करना गुजरात की तटरेखा की रक्षा के लिए आवश्यक है। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कांडला बंदरगाह और क्षेत्र को घुसपैठ गलियारा बनने से रोकने के लिए भी यह जरूरी है।

सर क्रीक पर उठे विवाद को नए सिरे से 2019 के बाद के सैन्य गतिरोध और आपरेशन सिंदूर के व्यापक संदर्भ में समझा जाना चाहिए। भारत के नौसैनिक आधुनिकीकरण जैसे कि स्वदेशी विमानवाहक पोत, उन्नत पनडुब्बियां और बढ़ी हुई तटीय निगरानी ने समुद्री शक्ति संतुलन को मूल रूप से बदल दिया है। पाकिस्तान इसके जरिये नौसैनिक रणनीति को तेज करना चाहता है। वह उन्नत पनडुब्बियां और जहाज-रोधी मिसाइलें प्राप्त करने के लिए चीनी सैन्य सहायता का लाभ उठाना चाहता है। सर क्रीक क्षेत्र में पाकिस्तान की कोई भी दुस्साहसिक कार्रवाई उसे पीढ़ियों तक पछताने पर मजबूर कर सकती है।

सर क्रीक क्षेत्र के अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के साथ नियमित गश्त भारतीय तटरक्षक बल और पाकिस्तान समुद्री सुरक्षा एजेंसी द्वारा संचालित की जाती है। ये गश्त एक दोहरे उद्देश्य की पूर्ति करती हैं। इससे दोनों देश विवादित जल पर नियंत्रण बनाए रखते हैं और दोनों देशों से मछली पकड़ने वाली नौकाओं द्वारा अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा को अनजाने में पार करने से रोकते हैं। फिलहाल यह भारत की समुद्री सुरक्षा नीति का अहम हिस्सा बना हुआ है। सर क्रीक पर भारत की सीमाओं की दृढ़ता यह संदेश देती है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है और हर इंच भूमि की सुरक्षा के लिए भारत प्रतिबद्ध है। पाकिस्तान यदि नए सिरे से राजनयिक पहल करे, आतंकवादियों को समर्थन बंद कर दे और अपने शब्दों और कर्मों में ईमानदारी दिखाए तो सर क्रीक विवाद का समाधान निकल सकता है।

# सरकार 'शटडाउन' फिर भी अमेरिका चल रहा है!

**रजनीश कपूर**

> महत्वपूर्ण सबक यह निकलता है कि लोकतंत्र में दलगत राजनीति और प्रशासनिक जिम्मेदारी के बीच संतुलन आवश्यक है। अमेरिका में शटडाउन अक्सर दोनों दलों, डेमोक्रेट और रिपब्लिकन के बीच वैचारिक टकराव का परिणाम होता है। कर प्रणाली, सामाजिक सुरक्षा या रक्षा बजट जैसी नीतिगत असहमति वहाँ शटडाउन को जन्म देती है। लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में शासन का संचालन केवल सरकार की नीतियों या सत्तारूढ़ दल की मंशा पर निर्भर नहीं होता, बल्कि संसदीय सहमति, वित्तीय अनुशासन और संस्थागत संतुलन पर भी निर्भर करता है। हर वर्ष अमेरिका में बजट पारित करने की प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न होने वाली तनातनी उसी लोकतांत्रिक संरचना की जटिलता को उजागर करती है। अमेरिका में जब संसद यानी कांग्रेस बजट या खर्च को मंजूरी नहीं देती, तब सरकार के कई विभागों की कार्यवाही आंशिक या पूर्ण रूप से ठप हो जाती है जिसे 'शटडाउन' कहा जाता है। ऐसे में गैर-जरूरी सेवाओं को बंद करना पड़ता है, कर्मचारियों को बिना वेतन छुट्टी दी जाती है और केवल अत्यावश्यक सेवाएँ जैसे सुरक्षा, रक्षा, स्वास्थ्य व कानून व्यवस्था सीमित रूप में चलती हैं।



इतिहास बताता है कि अमेरिका में 1976 से अब तक दो दर्जन के करीब शटडाउन हो चुके हैं। कई बार ये केवल एक-दो दिन चले तो कई बार हफ्तों तक। उदाहरण के लिए, 2018-19 का ट्रंप प्रशासनकालीन शटडाउन 35 दिनों तक चला, जो अब तक का सबसे लंबा था। परिणामस्वरूप लाखों कर्मियों का वेतन रुका, संघीय एजेंसियाँ बंद हुईं, आर्थिक वृद्धि दर पर असर पड़ा और निवेशकों का भरोसा डगमगाया। वस्तुतः, जब विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अस्थिर होती है, तो बाकी बाजारों में भी अनिश्चितता फैल जाती है।

भारत में भी संसदीय व्यवस्था है, जहाँ बजट संसद में पारित होता है। किंतु यहाँ 'शटडाउन' जैसी कोई स्थिति संवैधानिक रूप से संभव नहीं है, क्योंकि वित्त विधेयक यानी मनी बिल के पास न होने की स्थिति में सरकार का अस्तित्व ही समाप्त हो जाता है। दूसरे शब्दों में, यदि वित्त विधेयक पारित नहीं होता तो सरकार तुरंत विश्वास खो देती है और नए चुनाव की घोषणा की जाती है। इसलिए अमेरिका जैसी प्रशासनिक ठहराव की स्थिति भारत में शासन की निरंतरता को पूरी तरह नहीं रोक सकती।

इसके अलावा भारतीय बजटीय प्रणाली अधिक केंद्रीकृत है। राजस्व प्राप्ति, कर निर्धारण और व्यय प्रबंधन की मुख्य शक्ति केंद्र सरकार के पास है। राज्यों को वित्त आयोग और केंद्रीय अनुदान के माध्यम से संसाधन दिए जाते हैं। इस तंत्र में असहमति तो संभव है, लेकिन इसे रोकने के लिए संवैधानिक प्रावधान इतने सशक्त हैं कि पूर्ण सरकारी ठप स्थिति नहीं आती।

फिर भी कल्पना कीजिए कि यदि भारत में किसी कारणवश अमेरिका जैसा 'शटडाउन' लगे तो क्या होगा? सबसे पहले इसके परिणाम सबसे निचले स्तर पर महसूस होंगे; रेलवे, बैंकिंग, डाक, स्वास्थ्य केंद्र, शिक्षा और प्रशासनिक कार्यालयों की सेवाएँ बाधित होंगी। करोड़ों सरकारी कर्मचारी वेतन और पेंशन से वंचित होंगे, जिससे प्रत्यक्ष उपभोग घटेगा और बाजार में तरलता संकट बढ़ेगा। इसके साथ ही औद्योगिक उत्पादन और व्यापार पर भी असर पड़ेगा क्योंकि सरकारी आदेश, अनुबंध और सार्वजनिक निवेश रुक जाएंगे। ग्रामीण अर्थव्यवस्था की स्थिति तो और भी नाजुक हो जाएगी, क्योंकि कृषि समर्थन मूल्य, मनरेगा और सब्सिडी जैसी योजनाएँ केंद्र की भुगतान प्रक्रिया पर निर्भर हैं।

सरकार चाहे किसी भी दल की हो राजनीतिक रूप से, यह स्थिति भारी अस्थिरता पैदा करेगी। भारतीय जनता के बीच शासन पर से विश्वास उठना शुरू हो जाएगा। विपक्ष इसे सत्तारूढ़ दल की विफलता बताकर जनाक्रोश भड़का सकता है, राष्ट्रीय क्रेडिट रेटिंग एजेंसियाँ भारत को अस्थिर अर्थव्यवस्था मान सकती हैं, जिससे पूंजी प्रवाह रुक जाएगा। इस तरह एक 'शटडाउन' भारत की अर्थव्यवस्था को करारा झटका दे सकता है।

राष्ट्रीय स्तर पर बजट पारित न होने पर भी राज्यों या स्थानीय सरकारों की गतिविधियाँ कुछ हद तक जारी रह सकती हैं, क्योंकि उनकी वित्तीय स्वायत्तता अधिक है। वहीं, भारत में अधिकांश योजनाएँ केंद्र पर निर्भर हैं। केंद्र और राज्य दोनों के बीच वित्तीय संसाधनों की साझेदारी स्पष्ट रूप से परिभाषित है। यदि केंद्र की निधि रुक जाए, तो राज्यों के संचालन पर भी असर पड़ेगा। इसलिए किसी काल्पनिक 'भारतीय शटडाउन' का असर अमेरिका के मुकाबले कई गुना व्यापक और गंभीर होगा।

इस तुलना से एक महत्वपूर्ण सबक यह निकलता है कि लोकतंत्र में दलगत राजनीति और प्रशासनिक जिम्मेदारी के बीच संतुलन आवश्यक है। अमेरिका में शटडाउन अक्सर दोनों दलों, डेमोक्रेट और रिपब्लिकन के बीच वैचारिक टकराव का परिणाम होता है। कर प्रणाली, सामाजिक सुरक्षा या रक्षा बजट जैसी नीतिगत असहमति वहाँ शटडाउन को जन्म देती है।

भारत में भी संसदीय गतिरोध, हंगामा, या सत्रों का समय नष्ट होना आम है, परंतु यहाँ बजट अवरुद्ध नहीं हो पाता। हालांकि, यह बात सोचने योग्य है कि यदि भारतीय राजनीतिक दल भी अमेरिकी पद्धति की तरह केवल विरोध के लिए विरोध करने लगें, तो नीति निर्धारण की गति पर गंभीर असर पड़ सकता है। भारत को इस खतरे से बचाने के लिए आवश्यक है कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आर्थिक नीति पर सहमति बनाएँ। कार्यपालिका और विपक्ष दोनों राष्ट्र की दीर्घकालिक शक्ति का आधार है।

भारत के लिए सबसे बड़ा सबक यही है कि राजनीतिक विवेक और आर्थिक जिम्मेदारी का सामंजस्य बनाए राष्ट्र संचालन की साझा ज़िम्मेदारी है। यदि इस संतुलन को हमने बनाए रखा, तो अमेरिकी 'शटडाउन' जैसे खतरे कभी भारतीय लोकतंत्र के माथे पर न आएँगे।

## विचार सरिता

# लघु उपन्यास यशस्विनी: अध्याय 21: स्याह अंधेरा, न जाने आगे क्या-क्या होगा

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



केंद्रीय बोर्ड की परीक्षाएं स्थगित होने की घोषणा के अगले दिन ही श्री कृष्ण प्रेमालय स्कूल में प्राचार्य की बुलाई गई आकस्मिक बैठक में सभी कक्षा शिक्षकों को परिणाम तैयार करने के लिए सभी अंक सूचियां अपने साथ घर ले जाने के निर्देश दिए गए थे क्योंकि सभी को यह संभावना दिखाई दे रही थी कि स्कूल कॉलेज अचानक बंद किए जा सकते हैं। इसलिए जब जनता कर्फ्यू के बाद अचानक लॉकडाउन लगा और स्कूल बंद हुआ तो लोग घरों से ही अपना रिजल्ट संबंधी बाकी कार्य करने के लिए सुविधाजनक स्थिति में थे। विद्यालयों में बोर्ड के साथ-साथ बाकी परीक्षाएं भी महत्वपूर्ण होती हैं। आजकल सारे रिजल्ट एक सॉफ्टवेयर में अंकों की प्रविष्टि के माध्यम से बनाए जाते हैं।

श्री कृष्ण प्रेमालय स्कूल के लिए यह सॉफ्टवेयर रोहित ने ही तैयार किया था। जब यशस्विनी स्कूल में पढ़ती थी तो सारा कार्य मैनुअल होता था और उनके शिक्षक हाथ से रिजल्ट रजिस्टर और प्रगति पत्र में बच्चों के अंक लिखा करते थे और कहीं गलत प्रविष्टि हो जाने पर व्हाइटनर का उपयोग किया जाता था। अब चीजें बदल गई हैं। तकनीक के इस बदलते युग में कोराना जैसी चुनौतियों का सामना करने में लोगों की दृढ़ इच्छाशक्ति, संकल्प व धैर्य के साथ-साथ चिकित्सकीय ज्ञान और जीवन के अनेक क्षेत्रों में तकनीकी सहायता की बहुत आवश्यकता होती है।

यशस्विनी ने तो क्या, बड़े बुजुर्गों ने भी कोरोना की इस महामारी जैसा नजारा पहले कभी नहीं देखा था। सड़कें वीरान और सुनसान। लोग घरों में दुबके हुए और कर्फ्यू का सा नजारा। लॉकडाउन तोड़ने वालों और बेवजह घूमने वालों पर पुलिस की स्ती....। टेलीविजन चैनलों पर इन सब घटनाओं का लाइव प्रसारण.।

एक अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुआ। ऐसा पहली बार हुआ जब बच्चे घरों में थे और उनकी कक्षाएं स्थगित कर दी गई थीं।उनकी कक्षाएं फिर कब से शुरू होंगी, यह भी पता नहीं था। देशव्यापी आंकड़ा जो भी था लेकिन अप्रैल महीने के पहले हफ्ते में शहर में कोरोना का पहला मामला मिला। पूरे शहर में हड़कंप मच गया। जिले को रेड जोन घोषित कर दिया गया। शहर के जिस मोहल्ले में वह मरीज था उसे कंटेनमेंट एरिया घोषित कर मरीज को तुरंत अस्पताल में भर्ती कर दिया गया और इसके लिए एक विशेष एंबुलेंस आई।

शहर के लोगों ने पहली बार पी पी ई सूट पहने हुए स्वास्थ्य कर्मियों को गाड़ी से नीचे उतरते देखा। यशस्विनी ने देखा कि अंतरिक्ष यात्रियों की तरह कपड़े पहने हुए लोग एक मरीज का इंतजार कर रहे हैं और वह मरीज है कि चलते हुए एम्बुलेंस की ओर बढ़ रहा है। आसपास की छत पर भीड़ इकट्ठा थी। अब उस व्यक्ति पर क्या गुजर रही है, सहृदय होने के कारण यशस्विनी इसका अनुमान लगा पा रही थी। वह व्यक्ति गंभीर संकट में था और लोग थे कि इसे भी तमाशा बनाकर आनंद ले रहे थे। कुछ लोगों ने तो अपनी छत से ही एंबुलेंस और उस पर सवार होते मरीज के साथ दूर से ही सेल्फी लेने की कोशिश की। उस मरीज में कोरोना होने पर कोई गंभीर लक्षण नहीं दिखाई दे रहा था, लेकिन शुरुआती दौर में सतर्कता इतनी थी कि प्रत्येक रोगी को अस्पताल भेजा जा रहा था।

यशस्विनी ने अपनी डायरी में लिखा, 'जिस संकट को उसने चीन के वुहान शहर तक सीमित है, ऐसा सोच रखा था, वह एक ही महीने में पांव पसारते-पसारते हमारे देश, हमारे राज्य और फिर हमारे नगर और हमारे मोहल्ले तक आ पहुंचा है। विदेश से लौटने वाले हर व्यक्ति को संदिग्ध मानकर उनका सैंपल लिया जा रहा है। जिले में बाहर से आने वाले हर व्यक्ति को मुख्य जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय में एक फार्म भरना होता है और उनके लिए कोरोना का एंटीजन या पीसीआर टेस्ट कराना अनिवार्य कर दिया गया है।' कोरोना का कहर गरीब लोगों पर मुसीबत बनकर टूटा। दिहाड़ी मजदूरों की रोजी-रोटी छिन गई।सरकार की ओर से राहत सहायता पहुंचाने की कोशिश शुरू हुई। स्वयंसेवी संस्थाओं के लोग सड़कों पर उतरे। शहर के ओवर ब्रिजों के नीचे रात गुजारने वाले और गरीब लोगों के लिए नगर निगम द्वारा बनाए गए रैन बसेरा में अपने दिन और रातें किसी तरह से बिताने वाले गरीब लोगों तक खाने के पैकेट पहुंचाने की कोशिश की गई। सभी राजनैतिक दलों के युवा कार्यकर्ताओं ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर लोगों तक सहायता पहुंचाने की कोशिश की।

महेश बाबा के मार्गदर्शन में यशस्विनी, रोहित और संस्था के स्वयंसेवियों की टीम ने पूरे शहर में राहत पहुंचाने की कोशिश में प्रशासन को मदद की पेशकश की। सुरक्षा उपायों का ध्यान रखने के बाद और स्वयंसेवक के रूप में उनका पंजीकरण करने के बाद उन्हें इसकी अनुमति दे दी गई। डबल मास्क पहनने, ग्लव्स लगाने और सैनिटाइजर का बार- बार प्रयोग करने के बाद भी यशस्विनी, रोहित और अन्य स्वयंसेवक संक्रमण के सर्वाधिक खतरों के बीच काम कर रहे थे।

पहली बार कोरोना योद्धा की संकल्पना सामने आई। टेलीविजन पर कोरोना वार्ड व आईसीयू में भर्ती मरीजों की देखरेख कर रहे अनेक डॉक्टर इस बीमारी से संक्रमित हुए और उन्हें अपने प्राण गंवाने पड़े। लॉक डाउन का पालन कर रहे राज्य पुलिस और जिला प्रशासन के तहसीलदार, मजिस्ट्रेट और अन्य लोग कई जगहों पर नियुक्त थे और उन्हें संदिग्ध लोगों से भी एकदम नजदीक से बातचीत करनी पड़ती था। उनकी जांच करनी पड़ती थी। अपने कर्तव्य का पालन करते हुए अनेक पुलिसकर्मी, नगर निगम के सफाई कर्मी, राहत कार्यकर्ता आदि संक्रमित हुए और जीवन-मृत्यु से संघर्ष करने के बाद उन्होंने अपने जीवन का उत्सर्ग कर दिया। अनेक लोग इस वायरस के प्रभाव से गंभीर रूप से बीमार हुए और इसका उनके स्वास्थ्य पर स्थाई रूप से बुरा असर पड़ा।

अमेरिका, ईरान, इटली आदि देशों में कोहराम मचा हुआ था। टेलीविजन के दृश्यों के अनुसार शवों को दफनाने की जगह भी नहीं मिल रही थी और अस्पतालों के बाहर लोगों के शव पड़े हुए दिखाई देते थे। ब्रिटेन समेत अनेक देशों के शासनाध्यक्ष इस घातक बीमारी की चपेट में आ गए और इस बीमारी ने व्यापारियों, सेलिब्रिटीज से लेकर गरीब लोगों तक किसी को भी नहीं बख्शा। इस बीमारी के स्रोत को लेकर विभिन्न देशों में आरोप-प्रत्यारोप भी शुरू हो गए। एक विशेष अभियान चलाकर हवाई जहाज से विभिन्न देशों में फंसे हुए भारतीयों को वापस लाया गया और उन्हें 14 दिनों के लिए सबसे अलग-थलग क्वॉरेंटाइन में रखा गया।

# मौत का डर

कृष्ण देव राय विजयनगर साम्राज्य के सबसे शक्तिशाली राजा थे। उनके दरबार में साहित्यकारों को खूब सम्मान मिलता था। राजा होने के साथ-साथ वह कवि और लेखक भी थे। उनके दरबार में तेनाली राम नामक एक बुद्धिमान दरबारी था, जिसकी सलाह पर वह निर्भर रहते थे। कृष्ण देव राय के जीवन में ऐसा भी समय आया जब वह स्वास्थ्य के नियमों की अनदेखी करने लगे। इस अनदेखी से वह मोटे और चिड़चिड़े हो गए।

वैद्यों ने अनावश्यक खान-पान और मोटापे से होने वाले खतरों की चेतावनी दी। वैद्यों की सलाह पर पहले तो वह चिढ़े, फिर इस शर्त पर इलाज के लिए तैयार हुए कि यदि वैद्य उन्हें ठीक नहीं कर सका तो उसका सिर कलम करा देंगे। किसी भी वैद्य में यह साहस नहीं था कि राजा का इलाज शुरू कर सके। परेशान होकर वैद्य लोग समस्या के हल के लिए तेनाली राम के पास गए। तेनाली

राम ने वैद्यों को जुगाड़ बताया। दूसरे ही दिन एक ज्योतिषी ने भविष्यवाणी कर दी कि कृष्ण देव राय का जीवन अब एक महीना और बचा है। राजा को पता चला तो उन्होंने ज्योतिषी को एक महीने के लिए जेल में बंद कर दिया, जिससे उसकी भविष्यवाणी सच न होने पर उसे मृत्युदंड दिया जा सके।

एक महीने बाद उन्होंने ज्योतिषी को बुलाया और कहा, बोलो, क्यों न तुम्हारा सिर कलम कर दिया जाए? ज्योतिषी ने कहा, राजन, आप अपनी सूरत आइने में देखिए, कितने दुबले-पतले हो गए हैं। इसके बाद उसने राजा को बताया कि दरअसल ऐसा करने की सलाह उसे तेनाली राम ने दी थी। मौत का डर दिखाकर ही आपका खान-पान ठीक किया जा सकता था। राजा तेनाली राम की बुद्धिमत्ता से प्रसन्न हुए और प्रतिज्ञा की कि वह अब बुरी आदतों के शिकार नहीं होंगे।

## बाल गीत

### करवा चौथ

पति की अभिलाषा
ऐ चांद तुझे कैसे मनाये,
ये पल हर दिन आ जाये।
मेरा मन ये कहता है,
ऐ चांद रोज छुप जाये।
छलनी की आड़ मे रोज,
हमें ऐसे ही पूजे जाये।
ऐ चांद तुझे कैसे मनाये,
ये पल हर दिन आ जाये।




**गजेंद्र बख्शी**
रिद्धि सिद्धि कालोनी
राजनांदगांव

## शब्द सामर्थ्य -196

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**
1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।




**शब्द सामर्थ्य क्रमांक195का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | | | सि | स | की | | |
| जि | | ल | प | ट | | मा | चि | स |
| ब | द | ला | | क | | | ल | |
| | | ट | | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | | का | | की | | | हृ |
| क | | स | रो | का | र | | | लु |
| झां | | ज | बा | न | | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | | भा | यां | | न |
| | मं | | | ज | र | दा | | |




## राशिफल



**मेष**
आज का दिन सौभाग्य लेकर आया है। इस दौरान पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा और अच्छे मित्रों की संख्या में इजाफा होगा। आज के दिन आपको परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। आपकी मधुर वाणी संबंधों में मिठास घोलेगी। किसी संस्था के द्वारा आपके अच्छे कार्यों को लेकर आपको सम्मानित किया जा सकता है।




**वृष राशि**
आज का दिन आर्थिक दृष्टि से अत्यधिक व्यस्त रहने वाला है। भागदौड़ के बीच आपको अपनी सेहत का अधिक ख्याल रखना होगा। आज के दिन पैरों में चोट लगने की संभावना है। आपकी निर्णय लेने की क्षमता आज लाभदायक सिद्ध होगी। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होने से कार्य स्थल पर आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।




**मिथुन**
आज फिजूलखर्ची से बचकर रहना होगा। किसी रोग से पीड़ित लोगों को आज अपने स्वास्थ्य का अधिक ख्याल रखना होगा। सामाजिक कार्यों के दौरान कुछ व्यवधान उत्पन्न हो सकते हैं। इस दौरान संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलने से परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। शाम का समय संगीत और मनोरंजन के कार्यक्रमों में व्यतीत होगा।



**कर्क**
आज के दिन भाग्य का पूरा साथ मिलता हुआ नजर आ रहा है। इस दौरान आपके परिश्रम का उचित फल मिलेगा और समाज में सम्मान बढ़ेगा। संतान के प्रति विश्वास और प्रेम और भी गहरा होगा। ननिहाल पक्ष से आपको विशेष सहयोग मिलने की संभावना दिख रही है। आज के दिन शान-शौकत पर खर्चे बढ़ सकते हैं।




**सिंह**
आज का दिन मिश्रित फल देने वाला रहेगा। मानसिक अशांति के कारण आपको परेशानी झेलनी पड़ सकती है। ऐसे में आपके लिए बेहतर होगा कि अनावश्यक बातों में न उलझें। माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद से दोपहर का समय अच्छा रहेगा। हालांकि, ससुराल पक्ष से किसी विषय पर मतभेद हो सकता है।



**कन्या**
आज आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। कठिन से कठिन कार्य भी आज के दिन आसानी से पूरे हो जाएंगे। माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा। हालांकि, इस दौरान पत्नी को शारीरिक कष्ट हो सकता है। आज के दिन फालतू के खर्चों से बचने की कोशिश करें। आज के दिन कुछ लोग आपकी मजबूरी का फायदा उठा सकते हैं।



**तुला**
आज का दिन शुभ रहेगा। संपत्ति में वृद्धि की संभावना बन रही है। आपका दिन आज दूसरों की मदद करने में बीतेगा। नवम भाव में गुरु का शुभ प्रभाव आपके लिए अनुकूल परिणाम लेकर आएगा। गुरु या वरिष्ठ जनों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नए कार्य की शुरुआत करने के लिए दिन शुभ रहने वाला है।




**वृश्चिक**
मन थोड़ा अशांत रह सकता है। व्यापारिक कार्यों में अड़चनें आएंगी, जिससे निराशा हो सकती है। लेकिन शाम तक परिस्थिति आपके पक्ष में बदल जाएगी। धैर्य और बुद्धिमानी से आप शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करेंगे। राज्य से जुड़े किसी वाद-विवाद या कानूनी मामले में सफलता मिलने की संभावना है।




**धनु**
आज का दिन धार्मिक कार्यों में बीतेगा। किसी धार्मिक अनुष्ठान या सामाजिक कार्य में भाग लेने का अवसर मिलेगा। भाग्य का पूरा सहयोग रहेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। व्यवसाय में भी आज के दिन स्थिरता रहेगी। छात्रों के लिए दिन शुभ रहेगी। शिक्षा में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।



**मकर**
आज का दिन आर्थिक दृष्टि से मिलाजुला रहने वाला है। नए सप्ताह की शुरुआत से पहले ही दिन आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति हो सकती है। इसके साथ ही कुछ अनचाहे खर्चे भी सामने आएंगे। ससुराल पक्ष से मान-सम्मान में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में मन लगेगा और लंबे समय से रुके कार्य पूरे होंगे।



**कुंभ**
आज का दिन आर्थिक दृष्टि से सावधानी रखने वाला होगा। कोशिश करें की आज सिर्फ जरूरी चीजों पर ही खर्च करें। परिवार के किसी सदस्य से आपको विश्वासघात की संभावना दिख रही है। इस दौरान आपको सांसारिक सुख-सुविधाओं का आनंद मिलेगा। वहीं, नौकरीपेशा जातकों के लिए प्रमोशन योग बन रहा है।



**मीन**
आज का दिन सफलता दिलाने वाला रहेगा। चतुर्थ भाव में गुरु की स्थिति से लंबे समय से अटकी संतान संबंधी समस्या का समाधान करेगी। खुशमिजाज स्वभाव के कारण नए लोग आपसे जुड़ना चाहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में आपके सुझावों को सराहा जाएगा। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ बनेगी।

# विकास परक सोच अपनाकर आगे बढ़े आदिवासी समाज : हल्बीटोला में मना शहीद सीताराम कंवर शहादत दिवस

कल्लूबंजारी (दावा)। आदिवासी कंवर समाज के लिए प्रेरणा स्रोत, शहीद वीर सीताराम कंवर का शहादत दिवस गत दिनों हल्बीटोला/फक्किमेटा में आदिवासी कंवर समाज क्षेत्रीय समिति के तत्वावधान में धूमधाम और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने विकास परक सोच को अपनाकर आदिवासी समाज को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### वक्ताओं ने दिया सामाजिक उत्थान का संदेश

कार्यक्रम की अध्यक्षता आमगांव-देवरी के आमदार संजय पुराम ने की। जबकि प्रमुख वक्ता सर्व आदिवासी समाज राजनांदगांव के जिला संरक्षक एवं कोयतुर गोंड़ समाज ब्लॉक इकाई छुरिया-डोंगरगढ़ के अध्यक्ष दिनेश कोरेटी दिलेर रहे। प्रमुख वक्ता दिनेश कोरेटी दिलेर ने अपने संबोधन में कहा कि शहीद सीताराम कंवर आदिवासी कंवर समाज के लिए एक आदर्श हैं और समाज को उनके पदचिन्हों पर चलकर विकास के नए आयाम स्थापित करने होंगे।

### कोरेटी के मुख्य संदेश

वीर शहीद सीताराम कंवर ने स्वतंत्रता संग्राम के महानायक संग्राम शाह मंडावी एवं रघुनाथ शाह मंडावी की सेना में प्रमुख भूमिका निभाते हुए देश की आजादी के लिए अपना प्राण न्यौछावर कर दिया था। कंवर समाज एक मजबूत संगठन है। जहां अनुशासन का कड़ाई से पालन होता है। समाज को अपनी प्राचीन संस्कृति एवं रीति-रिवाजों को बनाए रखना होगा, क्योंकि संस्कृति ही समाज की पहचान है। आदिवासी समाज को पारम्परिक खेती के अलावा व्यापार के क्षेत्र में भी काम करने की जरूरत है, ताकि आर्थिक मजबूती आए। समाज के विकास के लिए शिक्षा का स्तर बढ़ाना होगा। विकास परक सोच अपनाकर ही आदिवासी समाज आगे बढ़ सकता है।





आदिवासी समाज के विकास के लिए पूर्ण शराबबंदी अति आवश्यक है। इसके बिना विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। समाज में होने वाली फिजूलखर्ची को रोककर बचत की भावना जगाने की आवश्यकता है। श्री कोरेटी ने अपने क्रांतिकारी मौलिक गीत भी प्रस्तुत किए। जिसके माध्यम से उन्होंने सामाजिक जनजागरण का सफल प्रयास किया।

### विधायक ने भवन निर्माण के लिए की घोषणा

अध्यक्षता कर रहे आमदार संजय पुराम ने कहा कि शिक्षा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। उन्होंने प्रमुख वक्ता के मार्गदर्शन को आत्मसात कर कंवर समाज को विकास की ओर निरंतर अग्रसर होने का आह्वान किया। श्री पुराम ने हल्बीटोला में परिक्षेत्रीय कंवर सामाजिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा भी की।

### सम्मान और सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद वीर सीताराम कंवर सहित समस्त भारतीय वीर शहीदों एवं महापुरुषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण और सेवा अर्जी के साथ हुआ। सभा को उमेश काशिद, चेतन उइके, रामजी सिदार एवं अंबिका ताई बंजार आदि अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कंवर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कलाकार बच्चों एवं महिलाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांधे रखा। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष अशोक फुलकुंवर, गंगाराम चावरे, पवन भंडारी, मनबोधी धनुषबाण आदि सहित महाराष्ट्र के गोंदिया एवं गढ़चिरौली जिला तथा छत्तीसगढ़ के राजनांदगाँव जिला के कंवर समाज के लोग हजारों की संख्या में उपस्थित थे।

# गौधाम योजना से घुमंतू गौवंशीय पशु होंगे सुरक्षित : संजय सिन्हा



**छुरिया जनपद में बैठक हुई संपन्न**

छुरिया (दावा)। छुरिया जनपद पंचायत में गौधाम योजना समिति की प्रथम बैठक संपन्न हुई, उक्त समिति में मुख्यरूप से संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, विजय कोठरी तहसीलदार, होरी लाल साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज.प. छुरिया, अंकाक्षा साहू तहसीलदार कुमरदा, पशु विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

श्री सिन्हा ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ गौसेवा आयोग नियम 2005 के तहत योजनान्तर्गत जिला प्रशासन के प्रस्ताव पर गौधाम स्थापित किए जाएंगे। जो पंजीकृत गौशालाओं से भिन्न होंगे। प्रथम चरण में छुरिया विकासखंड के राष्ट्रीय मार्ग स्थित ग्राम पंचायत घोरतलाव, महाराजपुर व डोंगरगांव, चौकी मार्ग पर ग्रामपंचायत आमगांव (कु.) का चयन किया गया है, जहां गौधाम स्थापित किए जाएंगे। गौधाम में स्थानीय निकायों द्वारा निराश्रित, गौवंशीय पशुओं तथा गृह विभाग द्वारा कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 (यथा संशोधित 2011), छग कृषक पशु परीरक्षण नियम 2014 अंतर्गत जप्त गौवंशीय पशुओं को ही विस्थापित किया जाएगा। हमारी सरकार की मंशा है कि गौ उत्पादों को बढ़ावा देना, चारा विकास कार्यक्रम विकसित करना, प्रशिक्षण केंद्र ले रूप में विकसित करना, पशु नस्ल सुधार करना, जन-जन को गौसेवा के लिए प्रेरित करने के साथ ही रोजगार उपलब्ध कराना इसका मुख्य उद्देश्य है।

घुमंतू गौवंशीय पशुओं के राष्ट्रीय मार्ग, राजमार्ग सहित अनेक ग्रामीण इलाकों के मार्गों में पशु विचरण करते हैं, जो सड़क दुर्घटना का बड़ा कारण होता है। आए दिन इससे सैकड़ों लोगों को अपनी जान गवानी पड़ती है। प्रदेश की बात करें तो इनकी संख्या बहुत अधिक होगी। गौधाम संचालन के लिए पंजीकृत संचालित गौशाला की समिति द्वारा गौधाम संचालन हेतु सहमति व्यक्त करने पर उक्त समिति को गौधाम संचालन हेतु जिम्मेदारी प्रदाय किए जाने का निर्णय छग राज्य गौसेवा आयोग की क्रियान्वयन समीती द्वारा प्राथमिकता पर लिया का सकेगा। संस्था का चयन का मापदंड निम्नानुसार होगी। गौसेवा के क्षेत्र में कार्य करने का 5 वर्ष का अनुभव, नस्ल सुधार एवं संचालन के क्षेत्र में अनुभव 3 वर्ष होना अनिवार्य, संस्था द्वारा पशुपालकों को प्रशिक्षण दीए जाने का अनुभव, जैविक खाद व जैविक खेती का अनुभव, हरा चारा उत्पादन कार्यक्रम का अनुभव, साथ ही सामाजिक कार्य का अनुभव रखने वाली संस्था को प्राथमिकता दी जाएगी।

## पहला कॉलम...

### होम्योपैथी व आयुर्वेद की दृष्टि से औषधीय पौधों की जानकारी



डोंगरगढ़ (दावा)। रजत जयंती महोत्सव 2025 के उपलक्ष्य में आयुष स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर (एसटीसी) डोंगरगढ़ और शासकीय होम्योपैथी औषधालय डोंगरगढ़ द्वारा एक विशेष साप्ताहिक गतिविधि का आयोजन किया गया। इस गतिविधि में विद्यालय एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को औषधीय पौधों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। छात्रों को होम्योपैथी और आयुर्वेद की दृष्टि से इन पौधों की पहचान, उपयोगिता और गुण धर्म के बारे में विस्तार से बताया गया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों और प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

### विजयादशमी उत्सव पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचालन



डोंगरगढ़/मुसरा (दावा)। मुसरा मंडल में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का 100 वर्ष पूर्ण होने पर एवं विजया दशमी उत्सव पर पथ संचालन किया गया। जिसमें सभी ने बहुत उत्साह से भाग लिया। जिसमें मुख्य अतिथि बजरंग साहू अध्यक्ष व्यापार संघ मुसराकला, मुख्य वक्ता प्रशांत सोनी विभाग संपर्क प्रमुख राजनांदगांव ने सारगर्भित उद्बोधन दिया। इस आयोजन में मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण वर्मा, बोधीराम साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष, तामेश्वर वर्मा, रामचरण वर्मा, अजय सिन्हा, कंवल निर्मलकर, पुकेश्वर वर्मा, शिवकुमार टेंभुरकर, अनेश्वर वर्मा, खंड कार्य वाहक डोंगरगढ़ जीवन जंघेल, लोकेश वर्मा सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक संघ व बीजेपी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमनी में शतरंज व रक्तदान जागरुकता सामान्य ज्ञान परीक्षा सम्पन्न



राजनांदगांव (दावा)। 9 देशहित और समाज के प्रति रचनात्मक व सकारात्मक कार्य करने वाली सेवाभावी राष्ट्रीय संगठन छात्र युवा मंच परिवार द्वारा बीते 12 वर्षों से विद्यार्थियों के बीच विभिन्न जागरूकता एवं सामान्य ज्ञान परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान ने अब तक रक्तदान, शतरंज, साइबर सुरक्षा और यातायात जागरूकता जैसे विषयों पर व्यापक अभियान चलाकर हजारों विद्यार्थियों को प्रेरित किया है। आज प्रदेश संयोजक नागेश यदु के दिशा-निर्देश में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमनी में शतरंज एवं रक्तदान जागरूकता सामान्य ज्ञान परीक्षा का सफल आयोजन किया गया।

यह परीक्षा व्यापम और पीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तर्ज पर ओएमआर शीट के माध्यम से आयोजित की गई, ताकि विद्यार्थियों को भविष्य की प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो सके। प्रदेश तकनीकी प्रमुख प्रवीण मारकंडे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि-'आज अधिकांश सरकारी एवं प्रतियोगी परीक्षाएं जैसे व्यापम, पीएससी, रेलवे, बैंक, एसएससी आदि ओएमआर शीट के माध्यम से आयोजित की जाती हैं। विद्यार्थियों को इस प्रणाली की पूर्व जानकारी और अभ्यास कराना समय की मांग है। इससे वे भविष्य में आत्मविश्वास और सटीकता के साथ परीक्षाओं का सामना कर सकेंगे।' इस परीक्षा से विद्यार्थियों को प्रश्न हल करने की गति, समय प्रबंधन और उत्तर चिन्हित करने की तकनीक का वास्तविक अनुभव प्राप्त हुआ है, जो आगे चलकर उनके प्रतियोगी परीक्षा जीवन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

शहर अध्यक्ष साहिल जंघेल ने कहा कि छात्र युवा मंच का उद्देश्य केवल परीक्षा आयोजित करना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में प्रतियोगी भावना, समाज सेवा और जागरूकता के मूल्य स्थापित करना भी है। उन्होंने कहा कि 'जब युवा वर्ग बौद्धिक रूप से सशक्त और सामाजिक रूप से संवेदनशील होगा। तभी एक सशक्त भारत का निर्माण संभव है। शतरंज जैसे खेल से एकाग्रता बढ़ती है और रक्तदान जैसे कार्यों से मानवता जीवित रहती है-दोनों ही शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।' पदाधिकारियों ने बताया कि द्वितीय चरण की परीक्षा अब ऑनलाईन मोड में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में विद्यार्थियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म (मोबाइल) पर प्रश्नों का उत्तर देना होगा। जिससे उन्हें ई-परीक्षा प्रणाली और तकनीकी अभ्यस्तता का भी अनुभव प्राप्त होगा। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्र के विद्यार्थियों को डिजिटल प्रतियोगी वातावरण से जोड़ना है, ताकि वे आधुनिक शिक्षा प्रणाली में पीछे न रहें। आज इस आयोजन में प्रदेश तकनीकी प्रमुख प्रवीण मारकंडे एवं शहर अध्यक्ष साहिल जंघेल की विशेष भूमिका रही।

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने तुमड़ीबोड़ में किया पथ संचलन एवं की शस्त्र पूजन





डोंगरगांव (दावा)। देश की राष्ट्रवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पूरे देश में उत्सवी आयोजन की श्रृंखला बनी हुई है। इस श्रृंखला के तहत ग्राम तुमड़ीबोड़ में शनिवार 11 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा विजयादशमी उत्सव मनाया गया। इस उत्सव के तहत सर्वप्रथम पथ संचलन किया गया। संघ के स्वयं सेवकों द्वारा ग्राम में पद संचालन के दौरान तुमड़ीबोड़ की मातृ शक्तियो द्वारा पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। पर संचालन पश्चात ग्राम के दुर्गा मंच में शस्त्रों का पूजन किया गया। संघ की स्थापना के प्रमुख डॉ. हेडगेवार की तैलचित्र पर माल्यार्पण कर मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक जितेंद्र शर्मा ने आजादी के समय की बात विस्तारपूर्वक बताई एवं धरती माता, गौ माता के बारे में अपनी बात कही।

**ग्राम में पद संचलन के दौरान मातृ शक्तियो ने की पुष्प वर्षा**

### राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान

मुख्य वक्ता ने कहा कि संघ की स्थापना 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर में डॉ. हेडगेवार ने की थी और तब से लेकर आज तक यह संगठन राष्ट्र निर्माण, शिक्षा, सेवा और सांस्कृतिक एकता के क्षेत्र में अपना विशिष्ट योगदान देते आ रहा है। श्री शर्मा ने आगे कहा कि आजादी के समय अंग्रेजों ने किस तरह से लोगों को झूठी बातें बताकर भ्रमित किया गया। विरोधियों ने नया नया पैतरा अपनाना जारी रखा। हर पैतरों से हिंदुस्तान के लोगों को बरगलाने की कोशिश की गई, लेकिन वे इसमें सफल नहीं हो पाए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विद्या विलास श्रीवास्तव ने की। इस दौरान खंड संघ चालक दिग्विजय शांडिल्य उपस्थित रहे। वहीं तुमड़ीबोड़ क्षेत्र में पहली बार हुए पथ संचलन में रेवादास मानिकपुरी विभाग प्रचार प्रमुख, झनेंद्र श्रीवास जिला संपर्क प्रमुख, जितेंद्र सिन्हा खण्ड किसान कार्य प्रमुख एवं वरिष्ठ स्वंयसेवक निर्भयराम श्रीवास, दिनेश गांधी, डॉ. गिरीश श्रीवास्तव, उर्वशन साहू, चंद्रेश श्रीवास पूर्व जिला संयोजक धर्मजागरण समन्वय विभाग, जागेश्वर यादव, रामनाथ वर्मा, गणेश्वर सिन्हा, टीकम पटेल, डॉ. मनोज साहू, अमरोतन साहू, पीतांबर साहू, मनोहर साहू, प्राणदास, गोकुल सिन्हा, मनीष सार्वा, तुलेश वर्मा आदि सहित अन्य गणमान्य नागरिक व बड़ी संख्या में दुर्गा वाहिनी की मातृशक्ति भी उपस्थित रही। उक्ताशय की जानकारी लीलाधर साहू मंडल कार्यवाह एवं झमित साहू द्वारा दी गई है।

# आवारा पशुओं से फसल बर्बादी, साल्हे मनहोरा के किसानों ने मांगा मुआवजा



खुज्जी (दावा)। साल्हे मनहोरा क्षेत्र के किसानों ने अन्य गांवों से आए आवारा पशुओं द्वारा खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए आज संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने मांग की है कि फसलों को हुए नुकसान का तत्काल मुआवजा दिया जाए और आवारा पशुओं की इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए।

### सरपंच और उपसरपंच ने किया नेतृत्व

ज्ञापन सौंपने वालों का नेतृत्व ग्राम सरपंच चंद्रिका बाई कंवर और उपसरपंच अजय साहू ने किया। उन्होंने अधिकारियों को अवगत कराया कि आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में आवारा पशु खेतों में घुस रहे हैं और खड़ी फसलों को बर्बाद कर रहे हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### समाधान नहीं हुआ तो होगा आंदोलन

सरपंच चंद्रिका बाई कंवर एवं उपसरपंच अजय साहू ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो किसान आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने प्रशासन से तत्काल प्रभावित किसानों का सर्वे कराकर मुआवजा प्रदान करने और पशुओं की रोकथाम के लिए उचित प्रबंध करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान सरपंच चंद्रिका कंवर, उपसरपंच अजय कुमार साहू, जनपद सदस्य श्रीमती अंजली घावडे, सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र कंवर, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष गंगाराम साहू, सुखराम भुआर्य, पुराणिक साहू, कोटवार दरबारी गंधर्व, आकाश मेशराम सहित पंचायत साल्हे मनहोरा के बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# कन्या हाईस्कूल लाल बहादुर नगर में 90 छात्राओं को साइकल वितरित



डोंगरगढ़ (दावा)। राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना सरस्वती प्रदाय योजना के तहत कन्या हाईस्कूल लाल बहादुर नगर में 9वीं के 90 छात्राओं को साइकल वितरण किया गया। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहू, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष छबीधर साहू, मंडल महामंत्री हेमलाल वर्मा, पार्षद उषा यदु, शाल विकास समिति के सदस्यगण शिवेंद्र धनकर, प्रेमलता यदु एवं नमिता देवांगन सहित प्राचार्य एवं शिक्षकों की उपस्थिति में साइकल वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**डॉ. रमन सिंह द्वारा छात्राओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से योजना की शुरुआत की गई थी - नपं अध्यक्ष देवेंद्र साहू**

नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहू एवं मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे ने अपने उद्बोधन में बताया यह योजना तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में प्रारंभ किया गया था। इस योजना द्वारा छात्राओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इसके अंतर्गत सरकार लड़कियों को साइकिल प्रदान करती है, ताकि वे आसानी से स्कूल जा सकें और पढ़ाई जारी रख सकें। इससे न केवल उनकी शिक्षा की निरंतरता बनी रहती है, बल्कि वे स्वावलंबी और आत्मनिर्भर भी बनती हैं। सरकार का यह कदम समाज में लैंगिक समानता और शिक्षा के प्रसार की दिशा में एक बड़ा प्रयास है। हम सब जानते हैं कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है, लेकिन ग्रामीण और दूर-दराज इलाकों में कई लड़कियां केवल इसलिए स्कूल नहीं जा पातीं। क्योंकि उनका विद्यालय घर से बहुत दूर होता है। इसी समस्या को देखते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह सरकार ने सरस्वती साइकिल योजना की शुरुआत की।

# रॉयल किड्स कान्वेंट छुरिया में शिक्षक-अभिभावक बैठक संपन्न




छुरिया (दावा)। वनांचल क्षेत्र में शिक्षा को नया आयाम देने हेतु प्रतिबद्ध संस्था रॉयल किड्स कान्वेंट छुरिया में आज त्रैमासिक परीक्षा (फर्स्ट टर्मिनल एग्जाम) के उपरांत पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें अभिभावकों को उनके पाल्य की त्रैमासिक परीक्षा के उत्तर पुस्तिका का अवलोकन कराया गया, जिसे अभिभावकों ने बहुत सराहा तथा अपने पुत्र-पुत्री के शैक्षणिक उन्नति पर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य गोपाल साहू द्वारा अभिभावकों से मुलाकात कर विद्यार्थियों के शैक्षणिक उन्नति एवं संस्था में संचालित गतिविधियों पर उनसे जानकारी प्राप्त की। अभिभावकों द्वारा अपनी प्रसन्नता व्यक्त कर उन्नति पर संतुष्टि प्रदान की। बैठक का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना से हुआ इसके पश्चात संस्था के आशीर्वादक लाल शंकर बहादुर सिंह 'पापा जी' संस्थापक जे. बी. सिंह, तथा पूजनीय श्रीमती अन्नपूर्णा देवी 'माँ जी' को 1 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

तत्पश्चात प्राचार्य गोपाल साहू ने सभी का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों के शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों की उपलब्धियों का उल्लेख किया। इसके पश्चात संस्था की एच.एम. श्रीमती शारदा सिंह गौर के निर्देशन पर शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों की उत्तरपुस्तिका तथा परिणाम अभिभावकों को प्रस्तुत किये और प्रत्येक छात्र की प्रगति तथा सुधार के बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मीटिंग में शिक्षकों ने अभिभावकों को विद्यार्थियों की परीक्षा में प्राप्त अंक विषय वार प्रगति और उनकी विशेषताओं के बारे में विषयवार प्रगति और उनकी विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया गया, साथ ही जिन बिंदुओं पर सुधार की आवश्यकता है उस पर मिलकर काम करने की अपील की गई।

**अभिभावकों द्वारा त्रैमासिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिका का अवलोकन**

अभिभावकों द्वारा विद्यालय के शिक्षा का स्तर अनुशासन और विद्यार्थियों की गतिविधियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की बहुत से अधिक अभिभावकों ने कहा कि इस तरह की नियमित बैठक उन्हें बच्चों की पढ़ाई और व्यक्तित्व विकास की वास्तविक स्थिति जानने का अवसर देती है। कुछ अभिभावकों ने तो विद्यालय के इस प्रकार के प्रयासों को प्रशंसनीय एवं प्रेरणादाई बताया। संस्था में इस प्रकार के आयोजन की प्रेरणा प्रशासक संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मजय बहादुर सिंह द्वारा दिया गया और बताया गया कि हमारा उद्देश्य पारदर्शी शिक्षा प्रदान करना है।

इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य गोपाल साहू एवं प्रधान पाठिका शारदा सिंह गौर ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल अच्छे अंक दिलाना नहीं बल्कि आत्मनिर्भर व संस्कारित नागरिक बनाना भी है। संस्था की अध्यक्षा डॉ. सविता जे. बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बरसर आई.के. वैष्णव ने सभी अभिभावकों और विद्यार्थियों को हार्दिक धन्यवाद करते हुए कहा कि 'अभिभावक- शिक्षक और विद्यार्थी' तीनों का त्रिकोण ही शिक्षा को सार्थक बनाता है। आपके सहयोग और विश्वास से ही हम बच्चों का भविष्य को संवारने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे और बच्चों को हर क्षेत्र में उत्कृष्ट बनाने का प्रयास जारी रखेंगे। कार्यक्रम का समापन शारदा सिंह गौर एच.एम. के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# जिले के कार्यकर्ता सहयोग केंद्र का लाभ ले- दिलीप वर्मा



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में कार्यकर्ताओं की सुविधा और सहयोग के लिए स्थापित सहयोग केंद्र में प्रदेश सरकार के माननीय कैबिनेट मंत्री निर्धारित तिथियों पर उपस्थित रहेंगे।

सहयोग केंद्र के प्रभारी सच्चिदानंद उपासने ने जानकारी दी कि वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी 13 अक्टूबर को, उपमुख्यमंत्री अरुण साव 14 अक्टूबर को, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल 15 अक्टूबर को, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े 16 अक्टूबर को तथा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा 17 अक्टूबर को सहयोग केंद्र में उपस्थित रहेंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा ने जिले के सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि जिनका कोई भी आवश्यक कार्य लंबित है। वे निर्धारित तिथि को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर रायपुर पहुंचकर सहयोग केंद्र का लाभ अवश्य उठाएं। यह पहल कार्यकर्ताओं और सरकार के बीच संवाद एवं समन्वय को और मजबूत करेगी।

# पहला कॉलम...

## चांदी की कीमत अगले साल तक 60 डॉलर प्रति औंस पहुंचने की उम्मीद

नई दिल्ली । चांदी की कीमत अगले एक साल में 60 डॉलर प्रति औंस तक पहुंचने की उम्मीद है, जो मौजूदा स्तर से 20 प्रतिशत अधिक है। एमके वेल्थ मैनेजमेंट की रिपोर्ट के अनुसार, कीमतों में यह उछाल आपूर्ति-मांग के बीच 20 प्रतिशत का अंतर और बढ़ती औद्योगिक मांग के कारण आएगा। कंपनी ने अनुमान लगाया है कि अमेरिका में अपेक्षित ब्याज दरों में कटौती से डॉलर में कुछ गिरावट आ सकती है, जिससे सोने की कीमतों में वृद्धि को और बढ़ावा मिलेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि सोने ने अब तक अन्य परिसंपत्तियों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है, 8 अक्टूबर तक 61.82 प्रतिशत का रिटर्न दिया है, जबकि भारतीय शेयरों (निफ्टी 500 टीआरआई) में 4.2 प्रतिशत और बॉन्ड (क्रिसिल शॉर्ट टर्म बॉन्ड इंडेक्स) में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एमके वेल्थ मैनेजमेंट के उत्पाद प्रमुख आशीष रानावाडे ने कहा कि संस्थागत और केंद्रीय बैंकों द्वारा डॉलर की तुलना में सोने को दी जा रही बढ़ती प्राथमिकता कीमती धातुओं की मजबूती का एक प्रमुख कारण है। रानावाडे ने कहा, मांग-आपूर्ति की गतिशीलता चांदी की कीमतों में तेजी लाने के लिए अनुकूल है और यह तकनीकी रूप से ऑल-टाइम हाई के ब्रेकआउट क्षेत्र के करीब है।

## कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद आएंगी भारत

नई दिल्ली। कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने घोषणा की है कि वह 12 से 17 अक्टूबर तक भारत, सिंगापुर और चीन का दौरा करेंगी. यह यात्रा कनाडा की इंडो-पैसिफिक रणनीति के तहत इन देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने के लिए है. दिल्ली में मंत्री आनंद की भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ मुलाकात होगी. दोनों देश व्यापार डायवर्सिफिकेशन, एनर्जी ट्रांसफॉर्मेशन और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर रणनीतिक सहयोग के लिए एक ढांचा तैयार करने की दिशा में काम कर रहे हैं. मुंबई में भी मंत्री आनंद का दौरा होगा, जहां वह कनाडाई और भारतीय कंपनियों के साथ मिलेंगी. ये कंपनियां दोनों देशों में निवेश, रोजगार सृजन और आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही हैं. विदेश मंत्री अनीता आनंद का आगामी भारत दौरा हाल के महीनों में दोनों देशों के बीच आई गंभीर दरार के संदर्भ में बेहद महत्वपूर्ण है. यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों की मरम्मत की दिशा में एक संभावित पहल हो सकती है. भारत-कनाडा संबंध पिछले कुछ समय से गंभीर संकट में हैं.

## दक्षिण अमेरिका के केप हॉर्न और अंटार्कटिका के बीच समुद्र में 7.1 तीव्रता का जोरदार भूकंप

नई दिल्ली। देश और विदेश के अलग-अलग हिस्सों में भूकंप के झटके दर्ज किए जा रहे हैं। शनिवार तड़के 7.1 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया। इस भूकंप का केंद्र मात्र 10 किलोमीटर की केंद्र पर रहा। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार, ये भूकंप के झटके दक्षिण अमेरिका के केप हॉर्न और अंटार्कटिका के बीच समुद्र में ड्रेक पैसेज पर आया है। इस जोरदार भूकंप के बाद प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने सुनामी की चेतावनी जारी की है। चिली के लिए संभावित सुनामी खतरे का डर बना हुआ है। लोगों को समुद्री तटों से दूर रहने को कहा गया है। मछुआरों को भी समुद्र में न जाने की खास सलाह दी गई है। वहीं, दूसरी ओर शुक्रवार को दक्षिणी फिलीपीन के पास एक ही क्षेत्र में कुछ घंटों के अंतराल पर दो शक्तिशाली भूकंप के झटके आए। भूकंप का पहला झटका सुबह में महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 7.4 मापी गई। इसमें कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। वहीं, इससे भूस्खलन हुआ, अस्पतालों और स्कूलों को नुकसान पहुंचा और सुनामी की चेतावनी के कारण आसपास के तटीय क्षेत्रों को खाली कराना पड़ा। हालांकि, सुनामी की चेतावनी बाद में वापस ले ली गई।

## अमेरिका ने चीन पर ठोका 100 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ

नई दिल्ली। अमेरिका और चीन के बीच एक बार फिर टैरिफ वॉर छिड़ता हुआ नजर आ रहा है। चीन द्वारा अमेरिकी इंडस्ट्री के लिए आवश्यक दुर्लभ खनिजों के एक्सपोर्ट को बैन करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को चीन के खिलाफ नए सिरे से ट्रेड पेनल्टी की घोषणाएं की, जिसमें कहा गया कि अमेरिका चीन की सभी वस्तुओं पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। ये 100 प्रतिशत टैरिफ, चीन पर लगाए जा रहे मौजूदा टैरिफ के साथ अलग से लगाया जाएगा। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि चीन पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ 1 नवंबर, 2025 से लागू होगा। ट्रंप ने कहा कि अगर चीन कोई सख्त कदम उठाता है तो ये 100 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ 1 नवंबर से पहले ही लागू कर दिए जाएंगे। इतना ही नहीं, राष्ट्रपति ट्रंप ने ये भी कहा कि अमेरिका उसी दिन से सभी महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगाएगा। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते इस ट्रेड वॉर से दुनिया के दो सबसे शक्तिशाली अर्थव्यवस्थाओं के बीच संबंध खराब होने की संभावनाएं भी बढ़ गई हैं।

# विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में इंग्लैंड की तीसरी जीत : श्रीलंका को 89 रन से हराया, कप्तान सिवर-ब्रंट का शतक

नई दिल्ली। विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में इंग्लैंड ने लगातार तीसरी जीत हासिल की है। शनिवार को टीम ने श्रीलंका को 89 रन से हराया। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका ने बॉलिंग चुनी। इंग्लैंड ने 9 विकेट खोकर 253 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका विमेंस 164 रन बनाकर सिमट गई।



इंग्लैंड से कप्तान नैटली सिवर-ब्रंट ने शतक लगाया, उन्होंने गेंदबाजी में 2 विकेट भी लिए। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। लेफ्ट आर्म स्पिनर सोफी एकलस्टन ने 4 विकेट अपने नाम किए। इंग्लैंड विमेंस टूर्नामेंट में साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश को भी हरा चुकी है। इंग्लैंड ने 50 के अंदर 2 विकेट गंवाए टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लैंड की विकेटकीपर एमी जोन्स 11 रन बनाकर रन आउट हो गईं। टैमी ब्यूमोंट ने फिर पारी को संभाला, लेकिन वे 32 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। टीम ने 49 रन पर 2 विकेट गंवा दिए। पूर्व कप्तान हेदर नाइट ने फिर 29 रन बनाए और टीम को 100 रन के पार पहुंचाया। कप्तान नैट सिवर-ब्रंट ने फिर सोफिया डंकली के साथ पारी संभाली। डंकली 18 रन बनाकर आउट हो गईं। सिवर-ब्रंट ने फिर एमा लंब के साथ टीम को 150 रन के पार पहुंचा दिया। नैट ने वनडे में 28 छक्के पूरे कर लिए, इसी के साथ वे इंग्लैंड के लिए विमेंस वनडे में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाली प्लेयर बन गईं। उन्होंने डैनी व्याट हॉज का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 27 सिक्स लगाए थे। सिवर-ब्रंट ने शतक लगाया एमा लंब 13 और एलिस कैप्सी खाता खोले बगैर आउट हो गईं। कप्तान सिवर-ब्रंट फिर एक एंड पर टिके रहीं। उन्होंने चार्ली डीन के साथ मिलकर टीम को 200 के पार पहुंचाया। डीन 19 रन बनाकर आउट हुईं। सोफी एकलस्टन भी 3 ही रन बना सकीं। सिवर ब्रंट ने दूसरे एंड पर शतक लगा दिया। वे आखिरी ओवर में 117 रन बनाकर आउट हुईं। टीम ने 9 विकेट खोकर 253 रन बना लिए। श्रीलंका के लिए इनोका राणावीरा ने 3 विकेट लिए। सुगंधिका कुमारी और उद्देशिका प्रबोधिनी को 2-2 विकेट मिले। कविशा दिलहारी ने 1 विकेट लिया। चमारी अटापट्टू और देवमी विहंगा कोई विकेट नहीं ले सकीं। श्रीलंका ने 134 पर 6 विकेट गंवाए 254 रन के बड़े टारगेट का पीछा करने उतरी श्रीलंका को पहले ही पावरप्ले में झटका लग गया। कप्तानी चमारी अटापट्टू चोट लगने के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गईं। उनके जाने के बाद विश्मी गुणारत्ने 10, हसिनी परेरा 35, हर्षिता समरविक्रमा 33 और कविशा दलहारी 4 ही रन बनाकर आउट हो गईं। अटापट्टू फिर बैटिंग करने उतरीं, लेकिन 39 गेंद पर 15 रन बनाकर आउट हो गईं। उनके बाद विकेटकीपर अनुष्का संजीवनी भी 10 ही रन बनाकर पवेलियन लौट गईं।

# पेरू में रातोंरात बड़ा उलटफेर, राष्ट्रपति बोलुआर्टे को पद से हटाया

लीमा (पेरू) । पेरू में रातोंरात बड़ा उलटफेर हुआ। देश संसद ने महाभियोग चलाकर देश की पहली महिला राष्ट्रपति डीना बोलुआर्टे को पद से हटा दिया। इसके बाद एक दशक से भी कम समय में देश को 38 वर्षीय जोस जेरी के रूप में शुक्रवार को सातवां राष्ट्रपति मिला। जेरी पेशे से वकील हैं और उन्हें राजनीति का कम अनुभव है, वह जुलाई में कांग्रेस यानी संसद के अध्यक्ष बने थे।



जोस जेरी ने शपथ ग्रहण करने के तुरंत बाद कहा कि वह च्व्सुलहज्ज् की कोशिश करेंगे, बेलगाम अपराध से निपटेंगे और अप्रैल में जब पेरूवासी नए राष्ट्रपति का चुनाव करेंगे तो सुनिश्चित करेंगे कि निष्पक्ष चुनाव कराए जाएं। संसद ने बोलुआर्टे की सरकार के अपराध रोकने में असमर्थ रहने का हवाला देकर उन्हें पद से हटाने के लिए मतदान के चार अनुरोधों को स्वीकार कर लिया जिसके बाद सांसदों ने बृहस्पतिवार देर रात 130 सदस्यीय एकसदनीय कांग्रेस में बहस और महाभियोग सुनवाई की व्यवस्था की। उन्होंने अनुरोध किया कि बोलुआर्टे आधी रात से कुछ समय पहले उनके समक्ष पेश होकर अपना बचाव करें लेकिन जब वह नहीं आईं तो उन्हें पद से तुरंत हटाने के लिए मतदान किया गया।

कुछ ही देर में आधी रात के बाद 124 सांसदों ने बोलुआर्टे पर महाभियोग चलाने के लिए मतदान किया।

## वुमेंस वर्ल्ड कप 2025 में आज होगा महामुकाबला



नई दिल्ली। टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच वुमेंस वर्ल्ड कप 2025 का 13वां मैच 12 अक्टूबर को विशाखापट्टनम में खेला जाएगा. टीम इंडिया इस मैच को जीतकर फिर से जीत की पटरी पर वापस लौटना चाहेगी. हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ये उतना आसान नहीं होने वाला है. महिला वनडे क्रिक्रेट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम इंडिया का रिकॉर्ड भी उतना खास नहीं है. ऐसे में अब टीम इंडिया के सामने ऑस्ट्रेलिया को हराने की कड़ी चुनौती होने वाली है.

महिला वनडे क्रिकेट में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब कुल 50 मैच खेले जा चुके हैं. जिसमें से ऑस्ट्रेलिया ने 40 मैचों में जीत हासिल की है, जबकि टीम इंडिया को महज 10 मैचों में जीत मिल पाई है. वनडे में ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम दबदबा देखने को मिला है. ऐसे में अब एकबार फिर से भारतीय टीम के सामने कड़ी चुनौती होने वाली है.

वुमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 में ऑस्ट्रेलिया की टीम 3 मैच खेल चुकी है, जिसमें से टीम को 2 मैचों में जीत हासिल हुई है, जबकि एक मैच बेनतीजा रहा था. फिलहाल 5 अंक के साथ ऑस्ट्रेलिया की टीम पॉइंट्स टेबल में पहले पायदान पर बनी हुई है.

दूसरी तरफ टीम इंडिया भी इस टूर्नामेंट में 3 मैच खेल चुकी है, जिसमें से 2 में जीत और 1 में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा था. साउथ अफ्रीका ने पिछले मैच में भारतीय टीम को पटखनी दी थी. फिलहाल 4 अंक के साथ टीम इंडिया पॉइंट्स टेबल में तीसरे पायदान पर है.

## आईसीसी ने अफ्रीकी स्पिनर नॉनकुलुलेको मलाबा पर लिया एक्शन

नई दिल्ली। महिला वर्ल्ड कप 2025 में भारतीय महिला टीम को साउथ अफ्रीका महिला टीम से 3 विकेट से शिकस्त झेलनी पड़ी। इस मैच में भारतीय बल्लेबाज अच्छा नहीं कर पाई थीं। मैच में टीम इंडिया ने 251 रन बनाए थे। इसके बाद अफ्रीका ने नादिन डी क्लार्क और कप्तान लौरा वोल्वार्ट की पारियों के दम पर टारगेट आसानी से हासिल कर लिया था। अब मैच के बाद आईसीसी ने खास वजह से अफ्रीकी स्पिनर नॉनकुलुलेको मलाबा पर एक्शन लिया है।

आईसीसी की प्रेस रिलीज में बताया गया है कि नॉनकुलुलेको मलाबा को खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता की धारा 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है, जो किसी इंटरनेशनल मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर अपमानजनक भाषा, कार्य या हावभाव का प्रयोग करने या आक्रामक रिएक्शन से संबंधित है।

## भारत से एशिया कप ट्रॉफी छीनने की मिलेगी सजा!

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और एशियन क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन मोहसिन नकवी की नौकी पर खतरा मंडरा रहा है। अगले महीने उनकी नौकरी छीन सकती है और इसका कारण एशिया कप-2025 में उनका भारत को ट्रॉफी न देना होगा।

पिछले महीने खत्म हुए एशिया कप में मोहसिन नकवी ट्रॉफी छीनकर भाग गए थे क्योंकि टीम इंडिया ने उनके हाथ से ट्रॉफी लेने से मना कर दिया था। टीम इंडिया ने ये फैसला पहलगाम में हुए आतंकी हमले के कारण लिया था।




बीसीसीआई अगले महीने आईसीसी बैठक में नकवी को आड़े हाथों लेने के मूड में है और हो सकता है कि इसके चलते वह आईसीसी डायरेक्टर के पद को खो सकते हैं।

नकवी ने एशिया कप की ट्रॉफी अपने पास ही रखी है और वह भारत को देने के मूड में नहीं हैं। उन्होंने साफ मना कर दिया है। हालांकि, बीसीसीआई यहां रुकने वाला नहीं है। वह अगले महीने आईसीसी की बैठक में ये मुद्दा उठाएगा। समाचार एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से लिखा है, ÷ये देखना होगा कि पीसीबी और नकवी पर लंबे समय के लिए क्या सजा मिलेगी क्योंकि उनके पास भारत को ट्रॉफी से महरूम रखने और ट्रॉफी को बीसीसीई को नहीं देने का कोई अधिकार नहीं है।÷

ट्रॉफी इस समय एसीसी के पास है। नकवी 28 सितंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए फाइनल मैच वाले दिन इसे ग्राउंड से अपने साथ ले गए थे और फिर वापस देने को भी मना कर दिया था। नकवी पाकिस्तान के इंटीरियर मिनिस्टर भी हैं और पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर उन्होंने भी टिप्पणी की थी। एशिया कप-2025 काफी चर्चा में रहा था और इसका कारण भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध रहे। टीम इंडिया ने 14 सितंबर को खेले गए मैच में पाकिस्तानी टीम से हाथ तक नहीं मिलाया था। टीम इंडिया ने ऐसा पहलगाम हमले के कारण किया गया था। इसके बाद भारत ने सुपर-4 में भी यही रीत चालू रखी जिसे वह फाइनल तक ले गए। हाल ही में महिला वनडे वर्ल्ड कप में भी भारत और पाकिस्तान का मैच हुआ जिसमें दोनों टीमों ने हाथ नहीं मिलाए।

# पाकिस्तान में पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पर बड़ा हमला, 6 आतंकवादियों और 7 पुलिकर्मियों समेत 13 की मौत

पेशावर। उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पर बड़ा आत्मघाती हमला हुआ है। पाकिस्तान के अनुसार यह एक आतंकवादी हमला था। हमले के बाद पांच घंटे जारी रही मुठभेड़ में 6 आतंकवादियों को मार गिराने के दावा किया गया है। इस दौरान 7 पुलिसकर्मियों की भी मौत हो गई है। पाकिस्तान पुलिस ने यह जानकारी दी है।



यह हमला डेरा इस्माइल खान जिले में रत्ता कुलाची पुलिस प्रशिक्षण स्कूल पर हुआ। हमले के बाद पुलिस कर्मियों द्वारा की गई जवाबी गोलीबारी में पहले तीन आतंकवादी मारे गए और कुछ अन्य आतंकवादी परिसर के अंदर छिप गए। आतंकवादियों का सफाया करने के लिए शुक्रवार देर रात शुरू किए गए एक अभियान के दौरान तीन और आतंकवादी मारे गए। जबकि छह पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। इससे पहले, एक पुलिसकर्मी के मारे जाने की खबर मिली थी। इसी के साथ इस हमले में मारे गए सुरक्षाकर्मियों की संख्या सात हो गई, जबकि 13 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

पाकिस्तानी अधिकारियों ने बताया कि हमले के बाद सभी प्रशिक्षु रंगरूटों और कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। इसके बाद आतंकियों के खिलाफ सफाया अभियान शुरू किया गया। इसमें एसएसजी कमांडो, अल-बुर्क फोर्स, एलीट फोर्स और पुलिसकर्मी शामिल थे। यह घटना शुक्रवार देर रात हुई जब आतंकवादियों ने विस्फोटकों से लदे ट्रक से पुलिस प्रशिक्षण स्कूल के मुख्य द्वार को टक्कर मार दी जिससे एक जोरदार विस्फोट हुआ। विस्फोट के तुरंत बाद विभिन्न वर्दी पहने आतंकवादी परिसर में घुस आए और उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की और हमलावरों को घेर लिया। गोलीबारी के दौरान आतंकवादी हथगोले फेंकते रहे।

जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) डेरा इस्माइल खान साहिबजादा सज्जाद अहमद और क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी (आरपीओ) सैयद अशफाक अनवर ने मौके पर व्यक्तिगत रूप से अभियान की निगरानी की। पांच घंटे की मुठभेड़ के बाद छह आतंकवादियों को मार गिराया गया।

# इजरायली सेना ने लेबनान पर किया बड़ा हमला

बेरूत। इजरायल ने गाजा में संघर्ष विराम लागू होने के बाद अब लेबनान की तरफ अपनी सेना मोड़ दी है। इजरायली सेनान ने शनिवार तड़के दक्षिणी लेबनान पर भीषण हवाई हमला किया है। इस घातक हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात अन्य लोग घायल हो गए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। बताया जा रहा है कि लेबनान में हिजबुल्लाह आंतकियों के ठिकाने को निशाना बनाकर यह हमला किया गया।



लेबनान के मंत्रालय ने बताया कि इन हमलों के कारण बेरुत को लेबनान के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाला राजमार्ग भी कुछ देर के लिए अवरुद्ध हो गया। मसेलेह गांव पर हवाई हमलों में भारी मशीनरी बेचने वाले स्थान को निशाना बनाया गया, जिससे बड़ी संख्या में वाहन नष्ट हो गए। हिजबुल्ला अल-मनार टीवी के अनुसार, सब्जियों से भरा एक वाहन भी हमलों की चपेट में आ गया जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य लोग घायल हो गए।

लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बाद में बताया कि मारा गया व्यक्ति सीरियाई नागरिक था, जबकि घायलों में से एक सीरियाई नागरिक और छह लेबनानी नागरिक हैं।

# प्रथम पृष्ठ का शेष....

**किसानों पर 'धन-धान्य' की वर्षा, पीएम मोदी ने दी....**

के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 36 नई योजनाओं के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दी जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवा किसानों की भागीदारी से खेती की तस्वीर बदलेगी और किसानों की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि, बड़ी खुशी की बात है- किसान हित में दो नई योजनाओं में छत्तीसगढ़ के तीन जिलों जशपुर, कोरबा और दंतेवाड़ा को भी शामिल किया गया है। इसके लिए मैं छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता की ओर से विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने इन दो नई योजनाओं के लिए प्रदेश के किसानों को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि, इन योजनाओं से खेती-किसानी की तस्वीर बदलेगी और आर्थिक सम्पन्नता भी आएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने योजनाओं के शुभारंभ के अवसर पर कृषि विभाग द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया और कृषि अभियांत्रिकी सब मिशन योजना के तहत किसानों को टैऊक्टरों, कृषि उपकरणों की चाबी भी सौपी और अनुदान राशि का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान का बोलबाला है। जीएसटी में बड़ा रिफॉर्म हुआ है। जीएसटी रिफॉर्म के बाद एक दिन मैं एक ट्रैक्टर शो रूम में गया, यहां आकर मुझे पता चला कि एक ट्रैक्टर के पीछे 40,000 से 60,000 तक की राशि बचत हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टॉल देखने के दौरान यहां मुझे एक किसान भाई मिले जिन्होंने हार्वेस्टर खरीदा, उन्हें एक लाख रुपए से भी अधिक की भी बचत का फायदा मिला। यह देखकर बड़ी खुशी होती है कि हमारे किसान भाइयों को इतना फायदा मिल रहा है। श्री साय ने बताया कि, सरकार छत्तीसगढ़ में किसानों के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। किसानों से किया हर वादा हमने पूरा कर दिया है। 3100 रुपए प्रति क्विंटल में धान की खरीदी, दो साल का बकाया बोनस भुगतान किया। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार ने किसानों को प्राथमिकता में लेते हुए राज्य में 1500 से अधिक सिंचाई योजनाओं को दुरुस्त करने के लिए एकमुश्त 2800 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में कृषि योजनाओं के मजबूतीकरण के लिए कई अहम कार्य हुए। किसान क्रेडिट कार्ड इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में ज्यादातर सीमांत किसान हैं, उन्हें सरकार की कृषि हितैषी योजनाओं का बड़ा लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए सतत प्रयासरत है और यह योजना उसी दिशा में एक ठोस पहल है।

**अफगानी मंत्री ने महिला पत्रकारों की एंट्री.....**

साथ आए तालिबान अधिकारियों ने ही ये तय किया था कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में कौन शामिल होगा। फिलहाल, यह साफ नहीं है कि तालिबान ने भारत को पहले बताया था या नहीं कि वे महिला पत्रकारों को नहीं बुलाएंगे। अफगान तालिबान के प्रवक्ता सुहैल शाहीन ने छ्ह्ह्ह न्यूज 18 से बातचीत में कहा कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों को शामिल न करना किसी नीति या भेदभाव के कारण नहीं हुआ। ये अनजाने में हुआ, पास की संख्या सीमित थी। सुहैल ने कहा- मुत्तकी काबुल में अक्सर महिला पत्रकारों से मिलते हैं और इंटरव्यू भी लेते हैं। भविष्य में भारत दौरे पर महिला पत्रकारों को शामिल किया जाएगा, बशर्ते सही समन्वय और पूर्व सूचना हो। राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष- पीएम मोदी, जब आप महिला पत्रकारों को सार्वजनिक मंचों से बाहर रखने की इजाजत देते हैं, तो आप भारत की हर महिला को यह बता रहे होते हैं कि आप बहुत कमजोर हैं और उनके लिए खड़े नहीं हो सकते। इस तरह के भेदभाव पर आपकी चुप्पी नारी शक्ति पर आपके नारों का खोखलापन उजागर करती है। पी चिदंबरम, पूर्व गृह मंत्री और कांग्रेस नेता- मुझे इस बात पर हैरानी है कि अफगानिस्तान के अमीर खान मुत्तकी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों को शामिल नहीं किया गया। मुझे लगता है कि जब पुरुष पत्रकारों को पता चला कि उनकी महिला सहकर्मियों को नहीं बुलाया गया है, तो उन्हें बाहर चले जाना चाहिए था।

**बंगाल में मेडिकल छात्रा से....**

रही है। जैसे ही और जानकारी मिलेगी, साझा की जाएगी। दुर्गापुर स्थित निजी मेडिकल कॉलेज में छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म मामले में जहां एक ओर सवाल सुरक्षा पर खड़े हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर अब आरोप-प्रत्योरोप का बाजार भी बेजोड़ गर्म हो गया है। मामले में ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी ने दुख जताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक उड़िया छात्रा के साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर चिंता जताई। साथ ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। मुख्यमंत्री माझी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि यह घटना अत्यंत निंदनीय और दर्दनाक है। उन्होंने ममता बनर्जी से कानून के तहत सख्त कार्रवाई करने की अपील की। उन्होंने पीड़िता के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की और अधिकारियों को पश्चिम बंगाल सरकार से संपर्क कर मदद करने के निर्देश दिए। इस दौरान माझी ने इस बात का भी आश्वासन दिया कि ओडिशा सरकार पीड़िता के परिवार को हर संभव सहायता प्रदान करेगी। इस मामले को लेकर अब राजनीति भी तेज हो गई है। भाजपा ने राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार में महिलाओं की सुरक्षा खतरे में है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि पीड़िता ने बयान में वासिफ अली और उसके साथियों के नाम लिए हैं। वहीं भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने पीड़िता के पिता से बात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया और जरूरत पड़ने पर इलाज के लिए कोलकाता शिफ्ट करने की सलाह दी। राष्ट्रीय महिला आयोग की एक टीम पीड़िता से मिलने अस्पताल पहुंची। आयोग की सदस्य अर्चना मजूमदार ने कहा कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं और पुलिस सक्रिय भूमिका नहीं निभा रही है। यह बहुत दुखद है। वहीं राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल कॉलेज से इस मामले में रिपोर्ट मांगी है। राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री शशि पांजा ने कहा कि यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। जांच जारी है, हमें धैर्य रखना चाहिए। वहीं, वेस्ट बंगाल डॉक्टर्स फोरम (डब्ल्यूबीडीएफ) ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा कैंपस में भी नहीं है।

**दिवाली से पहले एनएचएम कर्मियों.....**

सामने आया है। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि, एनएचएम कर्मचारियों की 10 सूत्रीय मांगों में से चार मांगों को पूरा कर दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा- बचे हुए तीन मांगों के लिए एक कमेटी बनाई गई है। जिस पर चर्चा की जा रही है। एनएचएम के हड़ताल के चलते प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई है। उन्होंने आगे कहा कि, मामले में एनएचएम कर्मचारियों की मांगों को लेकर बातचीत हुई है इस दौरान उन्होंने अपनी सहमति जताई है। जायसवाल ने कहा- एनएचएम कर्मचारियों से बातचीत और मांगे पूरी होने के बाद काम पर लौट जायेंगे। जिसके बाद प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं यथावत हो जाएगी। बता दें कि, हड़ताल के दौरान सरकार ने कई कर्मचारियों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। साथ ही अन्य को काम पर लौटने के लिए अल्टीमेटम भी जारी किया था। प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री जायसवाल ने कहा कि, अगर कर्मचारी अपनी हड़ताल बंद करके काम पर नहीं लौटेंगे तो हमें नई भर्तियों पर विचार करना होगा। इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा- इसके लिए दो-तीन दिन के भीतर विज्ञापन जारी कर दिया जायेगा।

## कोंडागांव को मिला सम्मान, स्वास्थ्य एवं पोषण श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार

कोंडागांव। नीति आयोग भारत सरकार द्वारा आयोजित नीति फॉर स्टेट्स- यूज केस चैलेंज अवॉर्ड्स में कोंडागांव जिले ने देशभर में अपनी अनूठी पहल से छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। जिले को स्वास्थ्य एवं पोषण श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह सम्मान जिला कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना (आईएएस) को मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में आयोजित समारोह में दिया गया। इस दौरान नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम और एकेडमी के डायरेक्टर श्रीराम तरणीकांति द्वारा प्रदान किया गया। कोंडागांव को यह सम्मान Reducing Anaemia in Pregnant W omen विषय पर किए गए नवाचार के लिए मिला है। इस पहल के तहत जिले ने गर्भवती महिलाओं में एनीमिया की दर घटाने हेतु डेटा आधारित विश्लेषण, नवीन हस्तक्षेप, सतत निगरानी और सामुदायिक भागीदारी को केंद्र में रखा।

# इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय में लोक जीवन में कला पर विशेष व्याख्यान



खैरागढ़ (दावा)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के लोक संगीत विभाग में बुधवार 8 अक्टूबर को लोक जीवन में कला- जम्मू एवं छत्तीसगढ़ के विशेष संदर्भ में विषय पर एक महत्वपूर्ण विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### लोक कलाविद् प्रो. उषा बगाती ने किया संबोधित

इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता जम्मू की प्रसिद्ध लोक कलाविद् प्रो. उषा बगाती थीं। सर्वप्रथम लोक संगीत एवं कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. राजन यादव ने शॉल और सहायक प्राध्यापक डॉ. दीपशिखा पटेल ने श्रीफल भेंट कर प्रो. बगाती का स्वागत किया। प्रो. बगाती ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोक कहीं का भी हो, संगीत से अछूता नहीं है। लोकनृत्य, लोकसंगीत और लोकवाद्य के बिना कोई भी लोक संस्कार पूरा नहीं होता। उन्होंने जोर दिया कि आरूगपन (मूल रूप) लोक ने ही बचा रखा है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के संस्कार गीत हों या जम्मू-कश्मीर सहित अन्य प्रांतों के, सबमें एकरूपता है।

विवाह संस्कार में आज भी गीत गाए जाते हैं और नृत्य होता है। भाषा और वेशभूषा भले अलग हों, लेकिन भाव में एकात्मकता है। उन्होंने बेटी विदा के कारुणिक दृश्य का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसी भावनाएं हर जगह के लोक गीतों में सहजता से मिलती हैं।

प्रो. बगाती ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लोक कलाएँ खेत-खलिहानों में बिखरी पड़ी हैं, पर वर्तमान के चकाचौंध और उपभोक्तावादी संस्कृ के कारण इन पारंपरिक कलाओं पर आघात हो रहा है। इसलिए इनका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है।

### लोककला वीणा के तार की तरह

कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए अधिष्ठाता प्रो. राजन यादव ने लोककला को वीणा के तार की तरह बताया। जिसके एक छोर को छूने से पूरा तार झनझना उठता है। उन्होंने कहा कि हमारे लोक में प्रचलित लोकसंगीत, संस्कार और परम्पराएं भी इसी प्रकार एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने प्रो. बगाती द्वारा सरलतम और प्रभावकारी शैली में दी गई जानकारी को अति महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक डॉ. दीपशिखा पटेल ने किया। इस दौरान विभाग के अतिथि शिक्षक डॉ. राजकुमार पटेल, डॉ. विधा सिंह राठौर, डॉ. परमानंद पाण्डेय, शोध सहायक डॉ. बिहारी लाल तारम, संगतकार डॉ. नत्थू तोड़े व रामचन्द्र सर्पे सहित शोधार्थी और स्नातक व स्नातकोत्तर के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में स्वच्छता पखवाड़ा 16 सितंबर से 30 सितंबर 2025 तक विभिन्न गतिविधि एवं कार्यक्रम करते हुए स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। इस कार्यक्रम के प्रभारी शिक्षक थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता के मार्गदर्शन में दिवसवार विभिन्न गतिविधियों को संचालित करते हुए स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया, जिसमें स्वच्छता शपथ सभी छात्र-छात्राओं को दिलाया गया गांव में स्वच्छता जागरूकता के लिए रैली निकाल कर ग्रामीणजनों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया, विद्यार्थियों को पानी बचाओ प्लास्टिक हटाओ के लिए ग्रीन स्कूल ड्राइव दिवस मनाया गया, ग्राम एवं समुदाय में जाकर शौचालय प्रयोग, कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण पर लोगों को जागरूक किया गया, विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच कविता लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, स्लोगन एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता के द्वारा पानी का बोतल एवं कॉपी पेन पुरस्कार स्वरूप भेंट की।

# जल का बचाव करने महिला समूह ने निकाली जलयात्रा




*छुरिया (दावा)। जल का बचाव के लिए अभी से जागरूक करने निकल पड़ी है महिला समूह कि दीदियां, करवाचौथ में सिर में कलश लिए गांव के गलिये से होते हुए गांव भ्रमण करते हुए जलयात्रा कर रही है।*

आज शुक्रवार को छुरिया ब्लॉक के ग्राम लक्ष्मणभरदा, पदगुड़ा, बीटाल में पद्मश्री फूलबासन यादव, हरियाली बाहिनी अभियान प्रमुख शिव कुमार देवांगन, सरपंच तीरथदास साहू, सरपंच मंजू साहू, आरईओ मोनिका साहू, मां बम्लेश्वरी, बिहान समूह और बिहान कैडर उपस्थित हुए, पद्मश्री फूलबासन यादव ने जल बचाने की दिशा में अभी से कार्य करने के लिए प्रेरित हुए कहा कि गर्मी में पानी पीने के अलावा धान के फसल पकाने में काफी दिक्कत हुई है। इसी को देखते हुए समय रहते कम पानी वाले फसल लगाने की आवश्यकता है, पानी बचाने की मुहिम में आप सभी को एक साथ होकर अभियान चलाने जोर दिया। उन्होंने फसल परिवर्तन करने से हमारे जमीन को उर्वरक शक्ति मिलती है साथ फसल उत्पादन में वृद्धि होती है। शिव देवांगन ने बताया कि राजनांदगांव जिले 3 ब्लॉक सेमी क्रिटिकल है, जहां भविष्य में पानी नहीं बचाएंगे तो निश्चित रूप से पानी कि भारी समस्या होगी, पानी पीने तक लिए तरसना होगा, गर्मी में तापमान बढ़ेगा इसको देखते हरियाली बाहिनी नीर और नारी जलयात्रा अभियान चलाई जा रही है।

# मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर ध्यान, प्राणायाम एवं मनः विश्रांतिकर अभ्यास सेशन का आयोजन



डोंगरगढ़ (दावा)। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आज नेहरू स्टेडियम, डोंगरगढ़ में 'मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शपथ' के साथ ध्यान, प्राणायाम एवं मनः विश्रांतिकर अभ्यास सत्र का सफल आयोजन किया गया।


यह कार्यक्रम आयुष विभाग के स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर डोंगरगढ़ एवं शासकीय होम्योपैथी औषधालय डोंगरगढ़ द्वारा, शासकीय नेहरू महाविद्यालय के योग विभाग के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6:30 बजे हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की रजत जयंती के उपलक्ष्य में मानसिक स्वास्थ्य एवं शारीरिक संतुलन को समर्पित यह विशेष सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ.आलोक कलचुरी द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा मानसिक स्वास्थ्य और योग के क्षेत्र में आयुष विभाग के निरंतर प्रयासों की सराहना की गई।

कार्यक्रम में आयुष विभाग की आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. शोबी खान, डॉ अलोक कलचुरी होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी.डॉ ई. व्ही. रेवती, प्राचार्य, नेहरू महाविद्यालय, योग शिक्षिका मंजू धनकर, आयुष विभाग के कर्मचारी पोषण वर्मा, गायत्री मिश्रा, सुमरो मांडवी, डालेश ठाकुर, मॉर्निंग वॉक ग्रुप के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, गोपाल महोबिया डेरा प्रमुख, गोपाल दम्मानी, मनोज दम्मानी, विनय बंसल, नितिन पचेरीवाला, संदीप पचेरीवाला, मधु अग्रवाल, प्रणय अग्रवाल, अमृत टांक, अब्दुल नजीर, दीपक अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, मनोज गुप्ता, आनंद अग्रवाल, राव सर, सिद्धार्थ नागदेवे सहित अनेक गणमान्य नागरिकों एवं युवाओं, योद्धा फिजिकल अकादमी, डोंगरगढ़ फिजिकल अकादमी, मॉर्निंग वॉक ग्रुप, एन.सी.सी इकाई के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विशेष रूप से रमन डोंगरे अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, गुलशन सिन्हा सर एनसीसी अधिकारी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। उन्होंने युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने एवं योग, ध्यान तथा प्राणायाम को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर डोंगरगढ़ के नागरिकों ने संकल्प लिया कि वे मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अलोक कलचुरी की महती भूमिका रही। उक्ताशय की जानकारी भुनेश्वर वैष्णव, कोषाध्यक्ष मॉर्निंग वॉक समिति द्वारा दी गई।

### सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से शपथ ली

सभी प्रतिभागियों ने कहा कि 0मैं शपथ लेता हूँ कि मैं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझूंगा और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए काम करूंगा। मैं मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों का समर्थन करूंगा और उन्हें सम्मान दूंगा। मैं मानसिक स्वास्थ्य के बारे में खुलकर बात करूंगा और इसके प्रति समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रयासरत रहूंगा।'

# आत्मनिर्भर भारत के लिए अंतः विषय अनुसंधान छात्रों और युवाओं का सशक्तिकरण विषय पर दो दिवसीय सेमिनार आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय के रिसर्च सेल, आई.क्यू.ए.सी. सेल, माई भारत, राजनांदगांव एवं वितरागा रिसर्च फाउन्डेशन के सयुंक्त तत्वज्ञान में आत्मनिर्भर भारत के लिए अंतःविषय अनुसंधान एवं छात्रों और युवाओं का सशक्तिकरण विषय पर वेबिनार आयोजित किया गया। आयोजन वर्चुअल माध्यम से प्रारंभ करते हुए को-कन्वेनर प्रो.विजय मानिकपुरी ने आत्मनिर्भरता के पांच तत्वों अर्थव्यवस्था, मांग, जनसंख्या, तंत्र और संरचना को बताते हुए आत्मनिर्भर भारत के लाभ और युवा पर जानकारी साझा करते हुए सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.रचना पांडे ने स्वागत उद्बोधन किया और युवाओं को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उनकी भूमिका के बारे में जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। आत्मनिर्भर भारत की राह में अपना योगदान हेतु वेबिनार में सहभागिता के लिए आह्वान किया।

सेमिनार के प्रथम वक्ता माधीश पारिख, नई दिल्ली भारत सरकार से संबधित इलिक्सिर फांउन्डेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लिए युवाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और आर्थिक विकास में युवाओं की भूमिका पर चर्चा की और उन्हें आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान को ज्यादा महत्व दिए जाने हेतु सभी छात्रों को प्रोत्साहित भी किया।

वेबिनार के द्वितीय सत्र में दिल्ली प्रख्यात विकसित भारत परिषद् के राष्ट्रीय प्रमुख के रूप में कार्यरत यतिन भास्कर दुग्गल ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लिए युवा सशक्तिकरण एवं कौशल विकास अधिक महत्वपूर्ण है उन्होंने कहा कि सरकार और शैक्षणिक संस्थानों को मिलकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम करना होगा। साथ ही उन्होनें उदाहरणों द्वारा नवीन स्टार्टअप एवं लोकल फॉर वोकल जैसे उद्यमों को प्रोत्साहित भी किया गया। सेमिनार के दौरान छात्रों और युवाओं को अपने विचार व्यक्त करने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भूमिका के बारे में चर्चा करने का अवसर मिला। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. मनीष जैन, आशीष अग्रवाल एवं संजय अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि इस प्रकार के आयोजन से युवाओं में आत्मनिर्भरता की भावना जागृत होती है और वे देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित होते हैं। आयोजन में संचालन मंडल के आयोजन सचिव अभिषेक वैष्णव एवं सभी सदस्यगण सहित विभिन्न महाविद्यालय के प्रतिभागीगण, शोधार्थीगण एवं सैकड़ों विद्यार्थियों ने आयोजन में महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई।

# साहेब कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर बौद्ध समाज ने दी श्रद्धांजलि




**समाज में समानता एवं न्याय की स्थापना के लिए संकल्प लिया**
**श्रद्धांजलि सभा में बहुजन आंदोलन के योगदान को किया याद**

डोंगरगढ़ (दावा)। नागसेन बुद्ध विहार डोंगरगढ़ में आदर्श बौद्ध महासभा द्वारा कांशीराम साहब के 19वें परिनिर्वाण दिवस व माता फातीमा शेख के 125वे परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भिक्खुनि शासन मेत्ता ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित जनों ने कांशीराम एवं माता फातीमा शेख के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, रुपचंद खोबरागड़े विशिष्ट हीरालाल मौर्य, संगम नागदेवे विशिष्ट अतिथि मनीष बडोले तथा मुख्य वक्ता अमिताभ दुफारे उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता अमिताभ दुफारे ने अपने संबोधन में काशीराम साहब के जीवन संघर्ष, बहुजन समाज के उत्थान के लिए उनके तप, त्याग और नेतृत्व को रेखांकित किया।

उन्होंने कहा कि कांशीराम ने समाज को यह दिशा दी कि 'जो बहुजन की बात करेगा, वही देश पर राज करेगा। भिक्खुनि शासन मेत्ता ने माता फातीमा शेख के शिक्षा पर योगदान पर प्रकाश डाला।

गांधीतनय टांडिया द्वारा साहेब के नारे एवं सत्ता की चाबी पर अपने विचारों को रखा। अनिल लान्डगे द्वारा साहेब की स्मृति में गीत गाया गया। कार्यक्रम में मनीष बडोले, करण नंदेश्वर, रूपा टेंभुरकर, सुनंदा डोंगरे सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शा. महाविद्यालय गंडई में बौद्धिक संपदा अधिकार पर व्याख्यान



गंडई (दावा)। शासकीय महाविद्यालय गंडई में आज बौद्धिक संपदा अधिकार में पुस्तकालय की भूमिका विषय पर एक महत्वपूर्ण अंतर-विभागीय व्याख्यान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को आधुनिक ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में इन अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।

व्याख्यान के मुख्य वक्ता अतिथि ग्रंथपाल श्री हेमंत मिश्रा रहे, जिन्होंने बौद्धिक संपदा अधिकारों की अवधारणा, महत्व और विभिन्न आयामों पर विस्तृत जानकारी दी। श्री मिश्रा ने अपने संबोधन में बताया कि बौद्धिक संपदा अधिकार आज के नवाचार और शोध के युग में अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने जटिल विषयों जैसे कॉपीराइट, पेटेंट, ट्रेडमार्क और फेयर यूज जैसी धाराओं को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया। जिससे उपस्थित श्रोताओं को विषय की गहराई समझने में मदद मिली। इस अवसर पर कॉलेज हिंदी विभाग अध्यक्ष श्री गावस्कर कौशिक ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह के व्याख्यान विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक दृष्टि से जागरूक करते हैं, बल्कि उन्हें शोध एवं नवाचार की दिशा में प्रेरित भी करते हैं।

# दिग्विजय कॉलेज में 'नशा उन्मूलन' पर जन-जागरूकता रैली




**समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों ने नशा छोड़ो शिक्षा अपनाओ का दिया संदेश**

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा 'नशा उन्मूलन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन व समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया। उक्त कार्यक्रम में समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर से मानव मंदिर चौक तक 'नशा उन्मूलन' पर जन जागरुकता रैली निकाली गई। उक्त रैली मे विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न नारे व स्लोगन लगाए गए। 'जब नशे का नाश होगा, तब देश का विकास होगा। 'बीड़ी पीकर खास रहा है, नशे के आगे नाच रहा है। नशा छोड़ों शिक्षा अपनाओ' जैसे विभिन्न नारे लगाए गए। स्लोगन के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा आम जनता के मध्य नशा उन्मूलन हेतु संदेश दिया गया। ताकि संपूर्ण भारत को नशा मुक्त बनाया जा सके। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के द्वारा समाजकार्य के सभी विद्यार्थियों को नशा मुक्ति के लिए सामूहिक शपथ दिलवाई गई।

विद्यार्थियों को नशे से मुक्ति की शपथ दिलाते हुए विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने एवं अपने आस पड़ोस और मित्रों को नशे से सावधान रहने हेतु प्रेरित करने का संदेश दिया गया। समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू ने अपने उद्बोधन मे कहा कि 'नशे रूपी जहर से युवा पीढ़ी को सतर्क रहते हुए परिवार, समाज व देश को एक होकर इस अभियान को सफल बनाने में योगदान देना होगा। उक्त कार्यक्रम में समाज कार्य विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. ए.के. मंडावी, अतिथि व्याख्याता डॉ. प्रियंका लोहिया, सुश्री तारणी साहू, श्रीमती शालिनी सोनी, श्रीमती चित्रांशा राठौर व समाज कार्य विभाग के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# संस्कारसिटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में तीसरे राष्ट्रीय वर्तमान गुड मैन्युफैक्चरिंग कार्यशाला का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारसिटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा 10 अक्टूबर 2025 को उद्योग-शैक्षणिक जुड़ाव श्रृंखला के अंतर्गत एक विशेष ऑनलाइन विशेषज्ञ लेक्चर का आयोजन किया गया। इस सत्र के विशिष्ट अतिथि भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग की अग्रणी संस्था अल्केम लेबोरेटरीज लिमिटेड में वरिष्ठ प्रबंधक (कॉर्पोरेट क्वालिटी एश्योरेंस), संतोष कुमार गोस्वामी थे। गूगल मीट के माध्यम से आयोजित इस ऑनलाइन लेक्चर में बी.फार्मा तथा डी.फार्मा कार्यक्रम के छात्र-छात्राओं और फैकल्टी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्री गोस्वामी ने अपने सत्र का केंद्रवर्ती विषय 'वर्तमान अच्छी निर्माण पद्धतियों और फार्मास्युटिकल उद्योग में क्वालिटी एश्योरेंस की विकसित भूमिका' रखा। अल्केम में अपने व्यापक और समृद्ध अनुभव का उपयोग करते हुए, श्री गोस्वामी ने कॉर्पोरेट क्वालिटी एश्योरेंस विभाग के महत्वपूर्ण कार्यों का गहन अवलोकन प्रस्तुत किया। उन्होंने पाठ्यपुस्तकों के सैद्धांतिक ज्ञान और दवा निर्माण एवं विनियमन की गतिशील दुनिया में इसके व्यवहारिक अनुप्रयोग के बीच की खाई को बखूबी पाटा। यह सत्र वास्तविक दुनिया के केस स्टडीजए नियामक ऑडिट में अंतर्दृष्टि और रोगी सुरक्षा सुनिश्चित करने में मजबूत गुणवत्ता संस्कृति के महत्व से भरपूर था।

कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण प्रश्नोत्तर का जीवंत और इंटरैक्टिव सत्र रहा, जहाँ छात्रों ने गुणवत्ता आश्वासन में करियर के अवसरों, उद्योग की चुनौतियों और आवश्यक कौशल से संबंधित अपने सवाल रखे। श्री गोस्वामी ने प्रत्येक प्रश्न का स्पष्टता और धैर्यपूर्वक उत्तर देकर छात्रों की जिज्ञासाओं को शांत किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य, डॉ.टी.कुमार ने श्री गोस्वामी के योगदान के लिए धन्यवाद दिया और कहा ऐसे सत्र हमारे छात्रों के लिए अत्यंत मूल्यवान हैं। श्री गोस्वामी ने न केवल जटिल अवधारणाओं को सरल बनाया, बल्कि उन्होंने अगली पीढ़ी के फार्मासिस्टों को प्रेरित भी किया।

# आत्मानंद स्कूल में अजगर मिला

कोरबा। सांप निकलने की दो घटनाएं सामने आई हैं। एसईसीएल स्थित आत्मानंद पब्लिक स्कूल की नौवीं कक्षा में 8 फीट का अजगर मिलने से हड़कंप मच गया, वहीं एक घर के तबेले से 5 फीट लंबा कोबरा पकड़ा गया। शनिवार सुबह करीब 10 बजे आत्मानंद पब्लिक स्कूल में गणित की क्लास चल रही थी।

एक छात्रा के बेंच के नीचे 8 फीट का विशालकाय अजगर कुंडली मारकर बैठा था।

अजगर की फुंकार सुनकर क्लास में अफरा-तफरी मच गई।शिक्षक और छात्र तुरंत क्लासरूम से बाहर निकल आए। स्कूल प्रबंधन ने तत्काल वन विभाग की रेस्क्यू टीम को सूचना दी।

# खुशियों का आशियाना मिलने पर केशव की बदली जिंदगी : पीएम आवास योजना से दूर हुई चिंता



राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री आवास योजना से दूरस्थ क्षेत्रों तक देश भर में बदलाव की एक बयार है। आर्थिक दृष्टि से कमजोर तथा जरूरतमंदों के लिए पक्के घर का सपना साकार हो रहा है। इस योजना से जरूरतमंदों को हौसला और मदद मिल रही है।

खुशियों का आशियाना मिलने पर जनसामान्य की जिंदगी बदल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में दूरदराज तक यह योजना सफलता की नई इबारत लिख रही है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम जोरातराई के केशव साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नया आवास बनने से उनकी चिंता दूर हो गई है। नये आवास में 2 कमरा, हाल, रसोईघर है।

केशव साहू ने बताया कि उन्होंने बताया कि वे पहले कच्चे आवास में रहते थे। छप्पर का घर होने के कारण बरसात के दिनों में बहुत दिक्कत होती थी और दीवारों पर सीलन होती थी। उन्होंने बताया कि परिवार के आय का साधन बहुत सीमित है और 1.5 एकड़ कृषि भूमि है। रोजी-मजदूरी करते हुए वह अपना जीवन यापन कर रहे हैं। दूसरों के पक्के आवास को देखकर मन में हमेशा ख्याल आता था कि अपना भी एक पक्का मकान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब अपना पक्का आवास बन जाने से सुकून से यहां रह रहे है। अब पक्का आवास बन जाने से बरसात के दिनों में दिक्कत नहीं होती है और घर में स्वच्छता है। अब छप्पर के मरम्मत की कोई चिंता नहीं है।

# खैरागढ़ डबल मर्डर केस सुलझा : 10 हजार की उधारी और अपमान बनी शिक्षक दम्पत्ति की हत्या की वजह

खैरागढ़ (दावा)। छुईखदान ब्लॉक के ग्राम रोड अतरिया में शुक्रवार की सुबह हुई शिक्षक दम्पत्ति बाबूलाल सोरी और उनकी पत्नी सुंती बाई की दिल दहला देने वाली हत्या के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपी भगवती मरकाम को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में यह खुलासा हुआ कि मात्र दस हजार रुपए की उधारी को लेकर हुआ वाद-विवाद और अपमानजनक बातें ही इस जघन्य हत्याकांड की मुख्य वजह बनी।



शिक्षक दम्पत्ति की हत्या का मामला पुलिस ने सुलझाया, आरोपी पुलिस गिरफ्त में

### यह है पूरा मामला

बीते शुक्रवार 10 अक्टूबर को सुबह लगभग 6:30 बजे रोड अतरिया के ग्रामीणों ने पुलिस को फोन पर सूचना दी कि गांव के शिक्षक बाबूलाल सोरी और उनकी पत्नी सुंती बाई की किसी अज्ञात व्यक्ति ने हत्या कर दी है। मौके पर पहुंची पुलिस के समक्ष प्रार्थी दिनेश जंघेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थी ने बताया कि सुबह 5 बजे बाबूलाल सोरी के घर की लाईट बंद थी और उनका कुत्ता जोर-जोर से भौंक रहा था। घर का सीसीटीवी कैमरा भी बंद था। जब वे बाबूलाल के घर पहुंचे तो मेन दरवाजा अंदर से बंद था। परदे की तरफ से झांकने पर कूलर के पास गांव का भगवती मरकाम खड़ा दिखा, जो उन्हें देखकर खेत की ओर भागने लगा। ग्रामीणों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। अंदर जाकर देखा गया तो आंगन में सुंती बाई की लाश चित्त हालत में पड़ी थी। जिनके सिर पर गंभीर चोट थी। वहीं बाबूलाल सोरी भी कोठा बरामदे में जहाँ मोटर साइकिल रखी थी, चित्त हालत में मृत पड़े थे और उनके सिर पर भी गंभीर चोट थी।

### रंजिश में की हत्या


संदेही भगवती मरकाम से पुलिस द्वारा बारिकी से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसने मृतक शिक्षक बाबूलाल सोरी से 10,000 रुपए उधार लिए थे। जब वह यह राशि वापस नहीं कर सका तो बाबूलाल सोरी उसे अपमानजनक बातें बोलने लगे। जिससे उसके मन में गहरा रंजिश पैदा हो गई। इसी रंजिश के चलते, शुक्रवार सुबह 4 बजे मौका पाकर जब शिक्षक दम्पत्ति अकेले थे। आरोपी खेत की तरफ से बाड़ी का परदा कूदकर घर में घुसा। उसने सीढ़ी से छत पर जाकर बिजली का तार खींचकर घर की लाईट बंद कर दी। छत पर रखे लकड़ी पाटी का टुकड़ा उठाकर वह छिपकर बाबूलाल सोरी का इंतजार कर रहा था। पहले सुंती बाई कमरे से बाहर निकली और चिल्लाई तो आरोपी ने उन पर लकड़ी पाटी के टुकड़े से 4-5 बार सिर पर वार कर दिया। पत्नी की चीख सुनकर बाबूलाल सोरी कमरे से बाहर निकले और वाईपर के पाईप से आरोपी को मारने आए। आरोपी ने उन्हें धक्का दिया। जिससे बाबूलाल बरामदे में रखी मोटर साइकिल से टकराकर गिर गए। इसके बाद आरोपी ने उनके सिर पर भी 4-5 बार लकड़ी पाटी के टुकड़े से वार कर उनकी हत्या कर दी।

### आरोपी न्यायिक रिमांड पर

पुलिस ने आरोपी भगवती मरकाम को थाना गंडई में पंजीबद्ध अपराध 356/2025 धारा 103(1) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को गंभीर धाराओं में न्यायालय में पेश कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा जाएगा। इस दिलदहला देने वाली घटना से पूरे गांव में शोक और सदमे का माहौल है।

# पीएम नरेन्द्र मोदी ने किया आईबी ग्रुप के जगदीशपुर फिश फीड प्लांट का शिलान्यास, राष्ट्र को किया समर्पित

जगदीशपुर (दावा)। भारत के फिशरी सेक्टर को नई मजबूती प्रदान करते हुए देश की सबसे बड़ी प्रोटीन उत्पादक कंपनी, एबीस फूड्स एंड प्रोटींस प्राइवेट लिमिटेड (आईबी ग्रुप) के जगदीशपुर स्थित एबीस फिश फीड प्लांट का शिलान्यास आज माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ।



विकसित भारत के निर्माण में आईबी ग्रुप का ऐतिहासिक कदम, 6000 से अधिक किसान व व्यापारी हुए शामिल

'प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना' के तहत आयोजित इस भव्य समारोह में देश भर से 6000 से अधिक मत्स्य पालक व व्यापारी शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर देश के मत्स्य किसानों से संवाद करते हुए उन्हें आधुनिक तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित किया साथ ही प्रोटीन की जरूरत को महत्व देते हुए अपने भोजन में प्रोटीन पोषण को जोड़ने की बात कही ताकि युवा पीढ़ी और सभी लोगों को आवश्यक पोषण मिल सके।

इस अवसर पर आईबी ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर बहादुर अली ने प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्लांट प्रदेश सरकार के सहयोग के बिना संभव नहीं था। जिनकी नीतियों ने राज्य में मछली उत्पादन को इतना बढ़ाया कि हमें यहां प्लांट लगाना पड़ा। यह प्लांट हमारे किसान भाइयों के विकास के लिए है। हम उन्हें न केवल विश्वस्तरीय फीड, बल्कि अपना तकनीकी सहयोग भी प्रदान करेंगे। आईबी ग्रुप प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047' के विजन को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास करने हेतु प्रतिबद्ध है। यह अत्याधुनिक उत्पादन इकाई 600 टन प्रति दिन की क्षमता से सुसज्जित है और उत्तर भारत में मछली आहार की मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

कार्यक्रम में भारत सरकार के केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ राजीव रंजन सिंह, मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री-भारत सरकार, भागीरथी चौधरी, कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भारत सरकार भी उपस्थित थे। एबीस फिश फीड की ओर से फिश फीड बिजनेस हेड डॉ. मोहम्मद आसिफ कुरैशी एवं कंपनी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे। यह ऐतिहासिक कदम आने वाले समय में फिश फीड उत्पादन, रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा प्रदान करेगा।

# बिजली की दरों में बेतहाशा वृद्धि को लेकर कल कांग्रेस का घेराव व तालाबंदी



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल योजना बंद कर प्रदेश की लाखों गरीब जनता के विश्वास के साथ खिलवाड़ किया है। सायं सरकार हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा को समाप्त कर बेतहाशा मूल्य वृद्धि भाजपा सरकार की प्रायोजित लूट है। बढ़े हुए बिजली बिल भाजपा सरकार की मुनाफाखोरी वाली नीति के कारण छत्तीसगढ़ की जनता को महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है।

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हॉफ योजना शुरू किया था जिसका लाभ प्रदेश के 54 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था 400 यूनिट बिजली बिल हॉफ के दायरे में प्रदेश का लगभग हर उपभोक्ता आता था। किन्तु वर्तमान भाजपा सरकार के राज में हर उपभोक्ता का औसतन बिजली बिल दुगुना हो गया है। बढ़े हुए बिजली बिल के कारण जनता परेशान हो गई है। औसतन हर उपभोक्ता का बिजली बिल दुगुना आया है। कांग्रेस पार्टी राज्य भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है, कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है। सरकार के इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में 13 अक्टूबर सोमवार को दोपहर 11.30 बजे कैलाश नगर स्थित बिजली आफिस का घेराव कर तालाबंदी किये जाने का निर्णय लिया है। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने कांग्रेसजनों के साथ-साथ आम जनता को अपने हक व न्याय की इस लड़ाई में शामिल होने की अपील की है।

# लोहे की रॉड से फांसी लगाकर अधेड़ ने की आत्महत्या

राजनांदगांव (दावा)। सोमनी थाना क्षेत्र के ग्राम टेड़सरा में शनिवार, 11 अक्टूबर की दोपहर एक हृदय विदारक घटना सामने आई है, जहां एक अधेड़ व्यक्ति ने स्कूल परिसर स्थित बागवानी बाड़ी में लगे लोहे के राड से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



सोमनी पुलिस ने शुरू की मृतक के वारिसानों की खोजबीन

आत्महत्या का कारण प्राथमिक तौर पर ग्लानि और सामाजिक अलगाव माना जा रहा है। सोमनी थाना प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मृतक की पहचान राजेश देशमुख के रूप में हुई है, जो इस क्षेत्र में बाहर से आया था और टेड़सरा के होटल-ढाबों में कुली मजदूरी का काम कर जीवन यापन करता था।

### चर्म रोग से ग्लानि का अनुमान

थाना प्रभारी श्रीवास्तव के अनुसार मृतक राजेश देशमुख गांव के श्रमिक भोजन केंद्र में 10 रुपए थाली में खाना खाता था। बताया गया कि उसके पैर में चर्म रोग हो गया था। जिसके चलते लोग खाने-पीने की जगह पर उससे प्रायः दूरी बनाए रखते थे। पुलिस का अनुमान है कि इस सामाजिक अलगाव के कारण वह व्यक्ति संभवतः ग्लानि (अपमान या दुख) महसूस कर रहा था। जिसने उसे यह कदम उठाने पर मजबूर किया। यह घटना शनिवार को दोपहर 2 बजे से 4 बजे के बीच बाड़ी के लोहे के राड में फांसी लगाने से हुई।

### पुलिस की अपील : वारिसानों से संपर्क करें

थाना प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव ने मृतक के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी रखने वाले या उसके परिजनों से सोमनी थाने में आकर संपर्क करने की अपील की है। उन्होंने मृतक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए राजेश देशमुख का फोटो भी समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाया है।

# ओपन स्टेट लेवल मेंटल अर्थमेटिक और अबेकस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने परचम लहराया



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव में आयोजित ओपन स्टेट लेवल मेंटल अर्थमेटिक और अबेकस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया और चुनौतियाँ करते हुए अपनी असाधारण गणना कौशल का प्रदर्शन कर कई शीर्ष स्थान हासिल किए। विभिन्न आयु वर्ग में केन्द्रीय विद्यालय राजनांदगाँव के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया, जिसमें क्रमशः 6 वर्ष व 11 वर्ष आयु वर्ग में अथर्व अवस्थी, शौर्य साहू व एलीशा रावटे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 10 वर्ष आयु वर्ग में साई प्रज्ञान द्वितीय, 11 वर्ष आयु वर्ग में आकाश साहू और शैव्या सोनी क्रमशः प्रथम उपविजेता और द्वितीय उपविजेता रहे। शीर्ष रैंक के अलावा, छात्र गगन साहू और कृष्ण कुमार साहू को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। अथर्व अवस्थी, आकाश साहू और एलीशा रावटे ने प्रतिष्ठित ओपन राष्ट्रीय स्तर की मानसिक अंकगणित और अबेकस प्रतियोगिता के लिए अर्हता प्राप्त कर ली है और 12 अक्टूबर, 2025 को नागपुर में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इनकी सफलता से माता-पिता गौरवान्वित हैं।

# इंटास फाउंडेशन का सफल आयोजन : राजनांदगांव में हीमोफीलिया जागरूकता एवं सहायता शिविर




राजनांदगांव (दावा)। इंटास फाउंडेशन रायपुर द्वारा हीमोफीलिया फैक्टर वितरण, सेल्फ इंफ्यूजन एवं फिजियोथेरेपी कैंप का सफल आयोजन राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ में किया गया। यह शिविर सिद्धि फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें सिद्धि फाउंडेशन की संस्थापक सिद्धि मिरानी तथा शकुंतला फाउंडेशन की संस्थापक स्मिता शुक्ला का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम का संचालन इंटास फाउंडेशन रायपुर की मुस्कान खंडेलवाल एवं सुश्री सृष्टि शुक्ला द्वारा किया गया। जिन्होंने पूरे कैंप के सफल समन्वय और निष्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर में लगभग 50 हीमोफीलिया रोगियों तथा 80 लाभार्थियों ने भाग लिया। इसमें फैक्टर वितरण, सेल्फ इंफ्यूजन प्रशिक्षण, फिजियोथेरेपी सत्र और हीमोफीलिया प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस पहल का उद्देश्य रोगियों और उनके परिजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना था। यह पहल इंटास फाउंडेशन की स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने और समाज में जागरूकता फैलाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, प्रतिभागियों और स्थानीय समुदाय ने इस आयोजन की सराहना की, जिससे छत्तीसगढ़ में हीमोफीलिया रोगियों के समर्थन की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन : जून से अगस्त की राशि के लिए 14 नवंबर तक वार्डों में लगेंगे शिविर

राजनांदगांव (दावा)। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह जून से अगस्त 2025 का पेंशन भुगतान के लिए वार्डो में 29 सितंबर से 14 नवंबर 2025 तक प्रातः 11:30 से दोपहर 3:30 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 13 अक्टूबर को तुलसीपुर वार्ड नं. 16 व ठॉ. प्यारेलाल सिंह वार्ड 17 के लिए ठॉ. प्यारेलाल सिंह स्कूल में, 14 अक्टूबर को लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नं. 18 व वर्धमान नगर वार्ड नं. 19 के लिए आनंद विहार कालोनी के सामुदायिक भवन गली नं. 5 में एवं 15 अक्टूबर को स्टेडियम वार्ड नं. 22 कौरिनभाठा वार्ड नं. 44 व रामकृष्ण वार्ड नं. 45 के लिए आंगनबाड़ी सतनामी पारा कौरिनभाठा में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिए भी शिविर आयोजित किये जाएंगे। निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 से दोपहर 3:30 बजे तक उपस्थित होकर माह जून से अगस्त 2025 की पेंशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

# कार्यकर्ताओं के लिए बड़ी पहल : सहयोग केंद्र में बैठेंगे केबिनेट मंत्री



जिले के कार्यकर्ता सहयोग केंद्र का लाभ ले-कोमल सिंह राजपूत

रायपुर (दावा)। प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में कार्यकर्ताओं की सुविधा और सहयोग के लिए स्थापित सहयोग केंद्र में प्रदेश सरकार के माननीय कैबिनेट मंत्री निर्धारित तिथियों पर उपस्थित रहेंगे। सहयोग केंद्र के प्रभारी सच्चिदानंद उपासने ने जानकारी दी कि वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी 13 अक्टूबर को, उपमुख्यमंत्री अरुण साव 14 अक्टूबर को, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल 15 अक्टूबर को, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े 16 अक्टूबर को तथा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा 17 अक्टूबर को सहयोग केंद्र में उपस्थित रहेंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने जिले के सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि जिनका कोई भी आवश्यक कार्य लंबित है। वे निर्धारित तिथि को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर रायपुर पहुंचकर सहयोग केंद्र का लाभ अवश्य उठाएं। यह पहल कार्यकर्ताओं और सरकार के बीच संवाद एवं समन्वय को और मजबूत करेगी।

# महापौर ने वार्ड 15 में 16.44 लाख और वार्ड 19 में 26 लाख के कार्यों का किया भूमिपूजने



राजनांदगांव (दावा)। बल्देवबाग एवं वर्धमान नगर में वार्ड विकास के लिए महापौर मधुसूदन यादव ने जनप्रनिधियों पार्षदों तथा वार्डवासियों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विधायक डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पाण्डे की निधि एवं उनकी अनुशंसा तथा शासन द्वारा अधोसंरचना व शासन की विभिन्न योजना मद से स्वीकृत राशि से वार्डो में विकास कार्य कराए जा रहे है। विकास कार्य की कड़ी में वार्ड नं. 15 में 5 लाख रूपए की लागत से रोड एवं नाली निर्माण विधायक निधि अंतर्गत 3 लाख रूपए की लागत से मोती तालाब के पास सामुदायिक भवन, प्रभारी मंत्री की स्वीकृति अनुसार 5 लाख रूपए से गणेश मंदिर से तहसील कार्यालय तक सी.सी. रोड निर्माण तथा प्रभारी मंत्री की अनुशंसा से ही 3.44 लाख रूपए की लागत से मखियार समाज सामुदायिक भवन निर्माण करने भूमिपूजन किया जा रहा है।

महापौर श्री यादव ने कहा कि इसी प्रकार वार्ड नं. 19 में वर्धमान नगर में 6.75 लाख रूपए की लागत से पेवर ब्लाक लगाने, 5 लाख रूपए से शिव मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण करने, 6 लाख रूपए से शक्ति नगर में इंटरलाकिंग पाथवे निर्माण करने, पूनम कालोनी में 5.20 लाख रूपए की लागत से रोड निर्माण करने तथा विधायक निधि अंतर्गत 3 लाख की राशि से पूनम कालोनी शिव मंदिर के पास शेड लगाने भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्षदों की मांग अनुसार प्राथमिकता तय कर सभी वार्डो में विकास कार्य कराए जा रहे है, जो आने वाले समय में धरातल पर दिखेगा।

महापौर मधुसूदन यादव ने सर्वप्रथम बल्देवबाग में वार्ड पार्षद प्रमोद झंझाडे सहित सुनील बाजपेयी, रामराज यादव, प्रदीप ओवथनकर, अनिल चौहान, उषा गुप्ता, चंद्रिका यादव, रोहित यादव, धनंजय यादव की उपस्थिति में एवं वर्धमान नगर में छग अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष रामजी भारती, किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य राजेश जैन रानू व शैंकी बग्गा, वार्ड पार्षद श्रीमती रेखा पारख, पार्षद जैनम बैद, पार्षद प्रतिनिधि अभय पारख सहित सुमित भाटिया की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया।

दशहरा के शुभ अवसर पर विशेष छूट
नारी सुहाग में विश्वास का प्रतीक
थोक व चिल्हर विक्रेता
(Less Then MRP)
चांदनी सुहाग भण्डार एवं जनरल स्टोर्स
गुड़ाखू लाईन राजनांदगांव (छग)
मो. - 9302435886,9827951560







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com